हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024 | अंक 40 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके

पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# बंधुआ मजदूरों की अंतरराज्यीय तस्करी पर लगेगा अंकुश!



**नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने नाबालिगों सहित बंधुआ मजदूरों की अंतर-राज्यीय तस्करी के मुद्दे को सुलझाने के लिए केंद्र को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक कर एक प्रस्ताव तैयार करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने उत्तर प्रदेश में रिहा कराए गए 5,264 बंधुआ मजदूरों में से केवल 1,101 को तत्काल वित्तीय सहायता मिलने के आंकड़ों को 'चिंताजनक' बताया। शीर्ष अदालत ने कहा कि समस्या बचाए गए बच्चों को तत्काल वित्तीय सहायता के वितरण में थी, क्योंकि कुछ मामलों में नाबालिगों को उनके गृह राज्यों से ले जाया गया और पड़ोसी राज्यों में बंधुआ मजदूरी करने के लिए मजबूर किया गया।

पीठ ने कहा, बच्चों की अंतर-राज्यीय तस्करी के मुद्दे को सुलझाने के लिए हमें लगता है कि केंद्र एवं सभी राज्यों को एकीकृत तरीके से इसे निपटाना चाहिए। शीर्ष अदालत बंधुआ मजदूरों के रूप में तस्करी किए गए लोगों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसलिए इसने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपने समकक्षों के साथ बैठक करने और इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। पीठ चाहती है कि बचाए गए बाल मजदूरों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना की सहायता के लिए प्रस्ताव में एक सरल प्रक्रिया शामिल हो। न्यायालय ने कहा, इस मामले के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम पाते हैं कि अटॉर्नी जनरल की सहायता लेना उचित होगा। इसलिए, हम अटॉर्नी जनरल से इस मामले में हमारी सहायता करने का अनुरोध करते हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह इस प्रक्रिया को अंतिम रूप देते समय राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी शामिल करे। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वकील ने बचाए गए बंधुआ मजदूरों को तत्काल वित्तीय सहायता प्रदान करने का मुद्दा उठाया। इस मामले की सुनवाई अब छह सप्ताह बाद होगी।

### पीठ ने यूपी के आंकड़ों का दिया हवाला

पीठ ने उत्तर प्रदेश के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 4,100 से अधिक रिहा किए गए बंधुआ मजदूरों को वित्तीय सहायता नहीं मिली है। राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्होंने रिहा किए गए बंधुआ मजदूरों की संख्या और उन्हें किए गए भुगतान के साथ-साथ जिलावार डेटा संकलित किया है और वह इसे रिकॉर्ड में दर्ज कराएंगे।

### ट्रैकिंग के लिए भी एक पोर्टल अनिवार्य: सुको

❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी राज्यों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार एकीकृत प्रक्रिया तैयार करे। इस प्रक्रिया में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी शामिल किया जाए। कोर्ट ने कहा कि लापता बच्चों के पोर्टल की तरह ही बंधुआ मजदूरों की ट्रैकिंग के लिए भी एक पोर्टल होना चाहिए।

### केंद्र को राज्यों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश

### गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई अहम् सुनवाई

## खबरें! एक नजर में!!

### दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को नोटिस

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया। इसमें जांच एजेंसी से उसका पक्ष रखने को कहा गया। केजरीवाल ने बुधवार को याचिका लगाकर ट्रायल कोर्ट के फैसले पर स्टे लगाने की मांग की थी। हालांकि हाईकोर्ट ने अभी स्टे पर फैसला नहीं दिया है।

### गोरहर में यात्री बस पलटी, सात की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र में आज गुरुवार सुबह एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हदासे में सात लोगों की मौत हो गई और 25 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बस कोलकाता से पटना जा रही थी। सुबह करीब 6.30 बजे बस अनियंत्रित होकर एक गड्ढे के पास पलट गई। ज्यादातर यात्री नींद में थे।

### रिकॉर्ड कीमत पर नीलाम हुई पेंटिंग

**वाशिंग्टन।** अतियथार्थवाद के गुरु कहे जाने वाले पेंटर रेने मैगराइट की एक पेंटिंग ने नीलामी में नया रिकॉर्ड बना दिया। यह पेंटिंग मंगलवार को न्यूयॉर्क में 12.1 करोड़ डॉलर में बिकी। 'ल एंपायर डेस ल्युमिएरेस' या द एंपायर ऑफ लाइट नाम के शीर्षक वाली इस पेंटिंग को नीलामीकर्ताओं ने कला की दुनिया का बेहतरीन नमूना करार दिया।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा सड़क हादसा

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले बड़ा सड़क हादसा हुआ है। अलीगढ़ के टप्पल थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात करीब एक बजे ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 15 यात्री घायल हो गए। प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ और मऊ के लिए जा रही थी।

### झुग्गियों में अब भी 2000 के नोट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 19 मई 2023 को 2 हजार के नोट चलन से बाहर करने का ऐलान किया था। इन्हें 30 सितंबर 2023 तक बैंक में बदलवाया जा सकता था। लेकिन, भोपाल में आरबीआई बिल्डिंग के पीछे स्थित राजीव नगर बस्ती में ये नोट खत्म ही नहीं हो रहे। यहां दो हजार के नोट बदलवाने के लिए संगठित गिरोह काम कर रहा है। गिरोह रोज सुबह 7 से 9 बजे के बीच बस्ती के 200 महिलाओं को 10-10 नोट देता है।

### लोअर कुर्रम में वैन पर हमला, 50 मरे

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर कुर्रम में गुरुवार को यात्री वैन पर हुए आतंकी हमले में कम से कम 50 लोग मारे गए। हथियारबंद आतंकवादियों ने वैन पर गोलियां बरसाकर समूचे मुल्क को दहला दिया। इस घटना में गोलियों से लहूलुहान अन्य यात्रियों की हालत गंभीर है। प्रांत के मुख्य सचिव ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जताई है।

## शीत सत्र में 15 बिल लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन समेत 15 विधेयक लाने की तैयारी की है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। सरकार ने इस सत्र की कार्यसूची में 15 विधेयक सूचीबद्ध कराए हैं। इसमें से पांच नए विधेयक नए हैं। इसके अलावा 10 विधेयक लंबित हैं। जिनमें वक्फ कानून संशोधन विधेयक शामिल है। समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होने के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराया जाएगा।

# वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट तैयार

### विपक्षी सांसदों का हंगामा



**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने गुरुवार को अपनी आखिरी बैठक की। जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि वक्फ विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट तैयार है। वहीं, विपक्षी सांसदों ने जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है। इस विषय पर कई विपक्षी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से फोन पर बात की। संसदीय समिति की बैठक समाप्त होने के बाद विपक्षी सांसदों ने जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की है।

विपक्षी सांसदों का आरोप है कि समिति के अध्यक्ष उनकी बात नहीं सुन रहे हैं और मनमानी कर रहे हैं। वहीं, इस मुद्दे पर विपक्षी सांसद जल्द ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सकते हैं। वहीं, जगदंबिका पाल का कहना है कि समिति समय पर अपनी रिपोर्ट सौंप देगी। समिति में शामिल विपक्षी दलों के सांसद वक्फ विधेयक संशोधन विधेयक पर गठित जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। कहा जा रहा है कि समिति में शामिल विपक्षी दलों के सभी सांसद सोमवार को सुबह 10.30 बजे लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे. वहीं, सोमवार से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि इस सत्र में वक्फ (संशोधन) विधेयक सदन में पेश किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा, 'हमारी रिपोर्ट तैयार है और हम इस पर खंड दर खंड चर्चा करेंगे. यहां विपक्ष भी यही बात (जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग) कह रहा था। कोई भी सदस्य या विपक्ष अध्यक्ष से मिलने के लिए स्वतंत्र है। वे जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।'

विपक्षी सांसदों की जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग पर उन्होंने कहा कि वे स्वतंत्र हैं, वे अपनी बात लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष रख सकते हैं। जेपीसी अध्यक्ष का कहना है कि इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जो भी फैसला लेंगे, वह हमें स्वीकार्य होगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए जेपीसी के पास 29 नवंबर तक की समयसीमा है।

### 5 बैठकों मे 29 घंटे हुए सवाल-जवाब

❑ दरअसल, कैबिनेट की बैठक में वक्फ अधिनियम में 40 संशोधन करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जेपीसी अध्यक्ष का कहना है कि अब तक जेपीसी की पांच बैठकें हो चुकी हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर कुल 29 घंटे से अधिक सवाल-जवाब हुए। साथ ही सभी हितधारकों के साथ 25 बैठकें हुईं। इसको लेकर एक रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसे सभी के सहयोग से सदन में पेश किया जाएगा।

# सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

**नई दिल्ली।**

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीख का ऐलान कर दिया है। दोनों क्लास की परीक्षाएं 15 फरवरी से होंगी. 10वीं की परीक्षाएं 18 मार्च और 12वीं की परीक्षाएं 4 अप्रैल तक चलेंगी. सीबीएसई ने शेड्यूल जारी कर दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा है कि डेट शीट तैयार करते समय छात्रों की सहूलियत का ध्यान रखा गया है। इसमें 12वीं के छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षाओं के आयोजन की तारीख को भी ध्यान में रखा गया है। प्रवेश परीक्षाओं से काफी पहले परीक्षाओं को पूरा करने की कोशिश की गई है। इससे छात्रों को बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं दोनों के लिए टाइम मैनेजमेंट में मदद मिलेगी।

बोर्ड ने कहा कि डेट शीट जारी करते समय इस बात का भी ख्याल रखा गया है कि किसी छात्र की दो विषयों की परीक्षाएं एक ही तारीख पर न पड़ें. परीक्षाएं सुबह 10.30 बजे से शुरू होंगी। पहली बार परीक्षाएं शुरू होने के करीब 86 दिन पहले डेट शीट जारी की गई है. स्कूलों द्वारा समय पर एलओसी जमा करने की वजह से ये संभव हो सका है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कहा कि इस बार जारी डेट शीट की वजह से छात्रों को काफी फायदा होगा। वो परीक्षा की तैयारी पहले से ही शुरू कर सकेंगे। इससे वो परीक्षा की चिंता से उबर सकेंगे. साथ ही परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इतना ही नहीं छात्रों के परिवार और टीचर गर्मियों की छुट्टियों के दौरान टूर भी प्लान कर सकेंगे।



### 75% अटेंडेंस अनिवार्य

❑ *सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए स्कूल में स्टूडेंट्स की 75 फीसदी अटेंडेंस अनिवार्य है। बोर्ड की ओर से पूर्व में कहा था कि केवल मेडिकल इमरजेंसी, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी और अन्य गंभीर कारणों जैसे मामलों में स्टूडेंट को अटेंडेंस में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके लिए छात्र को जरूरी डाक्यूमेंट्स स्कूल में जमा करने होंगे।*

# इसरो-ऑस्ट्रेलियाई एजेंसी में समझौता

### अंतरिक्ष में मानव को ले जाना व वापस लाना है मिशन



**नई दिल्ली।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को बताया कि उसने दो अंतरिक्ष गतिविधियों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) के साथ एक कार्यान्वयन समझौते (आईए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता देश के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान मिशन के लिए दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच चालक दल और चालक दल मॉड्यूल से जुड़े सहयोग को सक्षम बनाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 20 नवंबर को बेंगलुरू में इसरो की ओर से मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एचएसएफसी) के निदेशक डीके सिंह और कैनबरा में एएसए की ओर से अंतरिक्ष क्षमता शाखा के महाप्रबंधक जेरोड पॉवेल ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान (गगनयान) कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य तीन चालक दल के सदस्यों के साथ तीन दिनों तक निचली पृथ्वी की कक्षा में उड़ान भरना और मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसरो ने कहा कि इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम काम करेंगे। इस समझौते के जरिए चालक दल के मॉड्यूल को पृथ्वी पर वापस उतारने के लिए सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसरो की ओर से कहा गयाा है क भारत और ऑस्ट्रेलिया स्थायी रणनीतिक साझेदार हैं और दोनों अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। दोनों ही एजेंसियां वर्तमान और भविष्य की सहयोग गतिविधियों का पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अरेस्ट होंगे इजरायल के पीएम नेतन्याहू

**नई दिल्ली।**



अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के न्यायाधीशों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ-साथ हमास के सैन्य कमांडर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। एक बयान में कहा गया है कि एक प्री-ट्रायल चैंबर ने अदालत के अधिकार क्षेत्र में इजरायल की चुनौतियों को खारिज कर दिया था और बेंजामिन नेतन्याहू और योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे। मोहम्मद जईफ के लिए एक वारंट भी जारी किया गया है, हालांकि इजरायली सेना ने कहा है कि वह जुलाई में गाजा में एक हवाई हमले में मारा गया था।

# गृह मंत्रालय ने 17 हजार से अधिक वॉट्सऐप किये ब्लॉक

### डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड को लेकर बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 हजार से अधिक वॉट्सऐप अकाउंट्स ब्लॉक किए। गृह मंत्रालय के मुताबिक, इन अकाउंट्स का इस्तेमाल साइबर क्राइम के नए हथियार डिजिटल गिरफ्तारी के लिए किया जा रहा था। सरकार ने जिन वॉट्सऐप अकाउंट्स पर एक्शन लिया, इनमें ज्यादातर कंबोडिया, म्यांमार, लाओस और थाईलैंड जैसे देशों से लिंक हैं। जहां से इनका यूज भारत में लोगों को ठगने के लिए किया जा रहा था। बता दें कि इस साल जनवरी से अक्टूबर तक डिजिटल अरेस्ट के 92 हजार से ज्यादा केस दर्ज हो चुके हैं।

यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर द्वारा की गई, जो पीड़ितों द्वारा कई ऑनलाइन प्लेटफार्म पर की गई शिकायतों के आधार पर है। गृह मंत्रालय ने शिकायतों की जांच में संदिग्ध पाए गए अकाउंट्स को चिह्नित किया और वॉट्सऐप को इन नंबरों को ब्लॉक करने का निर्देश दिया।

रिपोर्ट के आधार पर जांच में कंबोडिया, म्यांमार और लाओस से धोखाधड़ी करने वाले कॉल सेंटरों का खुलासा हुआ था। इनमें से ज्यादातर साइबर अपराधी कंबोडिया स्थित चीनी कैसीनो के कॉल सेंटरों से ठगी को अंजाम दे रहे थे। इसके अलावा जांच में खुलासा हुआ है कि भारतीय नागरिकों को नौकरी का झांसा देकर कंबोडिया ले जाया जाता है और फिर उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराध के दलदल में धकेल दिया जाता है।

### डिजिटल अरेस्ट के 92 हजार केस दर्ज



❑ गृह मंत्रालय की साइबर विंग के सूत्रों ने बताया कि डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर अपराधी रोजाना करीब 6 करोड़ रुपए की ठगी कर रहे थे। इस साल जनवरी से अक्टूबर 10 महीने में ही ठगों ने लोगों को 2140 करोड़ रुपए का चूना लगाया। इस अवधि में अक्टूबर 2024 तक साइबर विंग ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े 92,334 मामले दर्ज किए।

# सीमाओं पर तैनात होंगे रोबोटिक डॉग

## पहाड़ से लेकर पानी तक में काम करेंगे



**नई दिल्ली।**

देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है।

सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं। इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वाई-फाई या लॉन्ग टर्म इवोल्यूशन यानी एलटीई पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। छोटी दूरी के लिए वाई-फाई का उपयोग किया जा सकता है, जबकि 4जी या एलटीई का उपयोग 10 किलोमीटर तक की दूरी के लिए किया जा सकता है। इसमें कैमरा लगा होता है जो 360 डिग्री तक घूम सकेगा। रोबोटिक डॉग्स सेंसर्स के माध्यम से काम करते हैं। इनमें एक रिमोट कंट्रोल यूनिट होती है, जिससे इनको मॉनिटर किया जाता है।

### क्या है इसमें खासियत?

❍ रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है। म्यूल डॉग एक मीटर से 10 किलोमीटर की रेंज तक ऑपरेट किया जा सकता है।

# जम्मू के कई इलाकों में एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) की छापेमारी चल रही है. एनआईए की ये छापेमारी जम्मू कश्मीर के रामबन, किश्तवाड़, डोडा , रियासी और उधमपुर के इलाकों में हो रही है. एनआईए का एक्शन आतंकी घुसैपठ को लेकर हो रहा है. पिछले दिनों घाटी में कई आतंकी घटनाएं हुई है. जिससे बाद से आतंकियों के खिलाफ सुरक्षबालों का एक्शन भी तेज हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने सोमवार को आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया था. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने शोपियां जिले के केलर में तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया. अधिकारियों ने बताया कि उन्हें वहां से खाना पकाने के बर्तन और खाद्य सामग्री मिली. पुलवामा एवं बारामूला जिलों में दो अलग-अलग अभियानों में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी और आतंकवादियों के लिए काम करने वाले एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, (पुलवामा जिले में) अवंतीपोरा क्षेत्र के त्राल में सुरक्षा बलों के साथ मिलकर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया.

CMYK

# कमल खिलेगा, मशाल जलेगी या पतंग उड़ेगी ?

## >मतदान के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म

**मुंबई.**



विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को हुई मतदान प्रक्रिया धुले शहर में बहुत ही रोमांचक माहौल में संपन्न हुई। अब यहां यह चर्चा जोरों पर है कि कमल खिलेगा या मशाल लहराएगी या फिर पतंग उड़ेगी। हालांकि, धुले शहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रयासों के बावजूद, मतदान प्रतिशत में काफी वृद्धि नहीं हुई। निर्वाचन आयोग से देर रात प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यहां 58.71 फीसदी मतदान हुआ है। इस मत प्रतिशत में पिछली बार की तुलना में कुछ वृद्धि जरूर हुई है, लेकिन यह अभी भी उम्मीदों से कम रही। धुले शहर विधानसभा सीट पर इस बार 4 प्रमुख उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला है।

इनमें भाजपा के अनूप अग्रवाल, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अनिल गोटे, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएमआईएम) के फारूक अन्वर शाह और समाजवादी पार्टी के इर्शाद जहागिरदार शामिल हैं। अखिरी चरण में वंचित बहुजन आघाडी के जितेंद्र शिरसाठ ने भी शहर के कुछ हिस्सों में अपना प्रभाव दिखाने का प्रयास किया है। इसके अलावा, शहर में भाजपा उम्मीदवार अनूप अग्रवाल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मत विभाजन करने का प्रयास किया गया है, जिसको लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अभियान 'बटेंगे तो कटेंगे', 'एक है तो सेफ हैं' ने धुलिया शहर विधानसभा चुनाव में बहुत प्रभाव डाला है। इसके परिणामस्वरूप, पिछली बार कम मतदान वाले क्षेत्रों में इस बार मतदाताओं ने बड़े पैमाने पर मतदान में भाग लिया। महायुती की लाडकी बहिण योजना और अनूप अग्रवाल के भाऊबीज कार्यक्रम ने भी महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे अनूप अग्रवाल को अपने विरोधियों को हराने में मदद मिलेगी।इस बार महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। धुले के सातपुड़ा हाई स्कूल, मोहाडी के मतदान केंद्र और नूतन पाडवी हाई स्कूल के मतदान केंद्र पर रात 8 बजे तक मतदान प्रक्रिया जारी रही। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत भाजपा के अनूप अग्रवाल के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### मुस्लिम मतदाताओं में भी दिखा जोश

धुले शहर विधानसभा क्षेत्र में कल हुए मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई। इस दौरान मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। विशेष रूप से, मुस्लिम बहुल इलाकों में मतदान को लेकर काफी उत्साह दिखा। इसके अलावा शहर के मोगलाई, मिल परिसर, मोहाडी, नगावबारी और साक्री रोड इलाकों में भी मतदान को लेकर जोश देखा गया। दोपहर में कुछ स्थानों पर भीड़ नहीं दिखी लेकिन 4 बजे के बाद फिर से मतदान ने गति पकड़ी और शाम 6 बजे तक भी मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइनें दिखाई दीं।

## फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**मुंबई.** पालघर के तारापुर के पास एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई. इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर सेवा विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए तत्काल कई दमकल की गाड़ियों को रवाना किया. काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया. अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. पालघर के तारापुर के पास एक फैक्ट्री में आग लगने की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है. पालघर के तारापुर के पास एक फैक्ट्री में इससे पहले भी अलग-अलग कारणों से आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं. गनीमत यह रही कि आग घटनाएं बड़े हादसे में तब्दीी नहीं हुई. इससे पहले आग लगने की धटना के बाद इलाके में अफरातफरी मचा गया. वहीं रिस्पॉन्सिव प्राइवेट लिमिटेड एरिया में आसमान काले धुआं से भर गया, जो काफी दूर से भी साफ दिखाई दिया. बता दें कि पालघर के तारापुर एमआईडीसी इलाके में रिस्पॉन्सिव प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में भीषण आग लगने की सूचना दमकल विभाग को गुरुवार को मिली थी. तीन दमकल गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया. फायरकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया. इससे पहले पालघर में भी एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगी थी. आग लगने की घटना में 6 कर्मचारी घायल हुए थे.

# समलैंगिक महिलाओं ने की किडनैपिंग

## > 8 महीने बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी जमानत

**मुंबई.**



बॉम्बे हाई कोर्ट ने पांच साल की बच्ची के अपहरण के मामले में गिरफ्तार किए गए समलैंगिक जोड़े को जमानत दे दी है. मनीष पिटाले की सिंगल बेंच ने 19 नवंबर को अपने आदेश में कहा कि दोनों महिलाएं एलजीबीटीक्यू समुदाय से ताल्लुक रखती हैं और पहले ही आठ महीने जेल में रह चुकी हैं. कोर्ट ने साथ ही कहा कि इससे ज्यादा बुरा क्या हो सकता है कि उन्होंने बच्चे की चाहत में गैरकानूनी रास्ता अपनाया. कोर्ट ने कहा कि इस जोड़े ने बच्चे की चाहत में अन्य आरोपियों के साथ नाबालिग बच्ची को उसके माता-पिता से अलग कर दिया. ऐसे लोग दुर्भाग्यवश समाज को शर्मसार करते हैं और इन्हें जेल में रखा जाना चाहिए. कोर्ट ने अपनी सुनवाई में यह भी कहा कि पहली नजर में यह अपहरण का मामला है लेकिन यह जमानती अपराध है. हाई कोर्ट ने कहा कि इस जोड़े ने अन्य आरोपियों से बच्ची को पाया था लेकिन ऐसा कोई सबूत नहीं है कि बच्ची का शोषण किया गया है.

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि दोनों महिलाएं समलैंगिक हैं और साथ में एक बच्चा करना चाहती थीं लेकिन यह वैज्ञानिक रूप से संभव नहीं था. मौजूदा स्थिति में वे नाबालिग बच्चे को गोद नहीं ले सकतीं. दोनों के खिलाफ मार्च में बच्ची के माता-पिता की शिकायत पर केस दर्ज कराया गया था. इस मामले में तीन अन्य आरोपी हैं. यह बच्ची इसी साल 24 मार्च को लापता हो गई थी. उसे इलाके की एक महिला के साथ देखा गया था. केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने तलाश की और इस समलैंगिक जोड़े को अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया. उसके बाद से दोनों जेल में बंद थीं. समलैंगिक जोड़े पर आरोप है कि उसने बच्ची की व्यवस्था करने के लिए 9 हजार रुपये आरोपियों को दिए थे.

## निर्दलीय प्रत्याशी बालासाहब की हार्ट अटैक से मौत

**मुंबई.** राज्य की बीड विधानसभा सीट के निर्दलीय प्रत्याशी बालासाहेब शिंदे बालासाहेब की हार्ट अटैक से मौत हो गई. हैरान करने वाली बात यह है कि जब उन्हें हार्ट अटैक आया तब वह एक पोलिंग बूथ पर मौजूद थे. उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि बालासाहेब शिंदे बीड शहर के छत्रपति शाहू विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर ठहरे हुए थे. इसी बीच उन्हें चक्कर आया और वह गिर पड़ें. इसके बाद उन्हें बीड शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहां से उन्हें छत्रपति संभाजी नगर के एक अस्पताल में भी भर्ती कराया गया. लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने पहले अपने आसपास मौजूद लोगों से सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत की थी और उन्हें पीने के लिए पानी भी दिया गया था. उन्हें हवादार जगह पर ले जाया जा रहा था लेकिन वह बेहोश हो गए थे. बीड विधानसभा सीट पर मुख्य मुकाबला अजित पवार गुट की एनसीपी और शरद पवार गुट की एनसीपी-एसपी के बीच है. यहां एनसीपी-एसपी से संदीप क्षीरसागर और एनसीपी से योगश क्षीरसागर प्रत्याशी हैं. संदीप यहां के निवर्तमान विधायक हैं.

## धुले में 10 हजार किलो चांदी सीज

**मुंबई.** धुले जिले में विधानसभा चुनाव की वोटिंग के बीच एक ट्रक से 10 हजार किलो से ज्यादा चांदी सीज की गई. एक अधिकारी ने कहा कि रूटीन चेकिंग के दौरान थालनेर थाना इलाके में नागपुर की ओर जा रहे ट्रक से यह चांदी सीज की गई. राज्य की 288 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई. इसी दौरान धुले जिले में एक ट्रक से चेकिंग के दौरान 10 हजार 80 किलो चांदी बरामद हुई, जिसे सीज कर दिया गया. बाजार में इसकी कीमत करोड़ों रुपये में बताई जा रही है. नासिक के स्पेशल पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रेय कराले ने बताया कि रूटीन चेकिंग के दौरान बुधवार सुबह करीब छह बजे थालनेर थाना इलाके में नागपुर की ओर जा रहे ट्रक से यह चांदी जब्त की गई. इसको लेकर पुलिस ने चुनाव अधिकारियों और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सूचित कर चांदी को सीज कर दिया था.

अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया, चांदी का स्वामित्व एक बैंक के पास है. सत्यापन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# सभी निर्वाचन क्षेत्र मतगणना के लिए तैयार

### >चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

**कोल्हापुर.**

राज्य की 288 विधानसभा सीटों पर कल हुए मतदान के बाद वोटों की गिनती शनिवार 23 नवंबर को होनी है। इस क्रम में कोल्हापुर जिले की 10 विधानसभा सीटों के लिए भी वोटों की गिनती होनी है। इसके लिए यहां सभी तैयारियां हो गई हैं। कोल्हापुर दक्षिण और हातकणंगले निर्वाचन क्षेत्रों की गिनती 16 टेबलों पर की जाएगी, जबकि शेष 8 निर्वाचन क्षेत्रों की गिनती 14 टेबलों पर की जाएगी। वोटों की गिनती शनिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल वोटों की गिनती शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे से ईवीएम पर वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी।



यहां ईवीएम की गिनती के लिए कुल 633 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जबकि पोस्टल गिनती के लिए कुल 693 कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा डाक मतपत्रों की स्कैनिंग के लिए 138 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। मतगणना के लिए नियुक्त कर्मचारियों का रैंडमाइजेशन गुरुवार को किया गया। इस दौरान यह तय किया गया कि किस निर्वाचन क्षेत्र में कौन से कर्मचारी नियुक्त किये जायेंगे। जिस निर्वाचन क्षेत्र में कर्मचारी की नियुक्ति हुई है, वहां इन कर्मचारियों का द्वितीय मतगणना प्रशिक्षण कल शुक्रवार को होगा। मतगणना के दिन शनिवार की सुबह तीसरा राउंड होगा, तब पता चल जाएगा कि किस टेबल पर कौन से कर्मचारी तैनात किए गए हैं। इसके बाद वोटों की वास्तविक गिनती शुरू होगी। पूरी चुनाव व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर अमोल येडगे समेत पूरा चुनाव तंत्र इसके लिए काम कर रहा है।

# एग्जिट पोल के आंकड़ों पर भुजबल की प्रतिक्रिया

**मुंबई.**



राज्य की सभी 288 सीटों पर मतदान खत्म होने के बाद उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है. 23 नवंबर को चुनाव परिणाम आने के बाद राज्य में सरकार बनाने को लेकर सियासी तस्वीर साफ हो जाएगी. इस बीच एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर लगातार चर्चा जारी है. एनसीपी नेता और मंत्री छगल भुजबल ने दावा किया है कि प्रदेश में फिर से महायुति की सरकार बनने जा रही है. एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों पर महाराष्ट्र के मंत्री और येओला से एनसीपी उम्मीदवार छगन भुजबल ने कहा, ''पिछले छह महीनों में, महायुति सरकार बहुत सारी योजनाएं लेकर आई और उन्हें लागू किया. हमने चुनाव के पहले ही कहा था कि पार्लियामेंट चुनाव के बाद महाराष्ट्र की जनता में बहुत बड़ा बदलाव आया है.

उन्होंने आगे कहा, ''प्रदेश के किसान खुश हैं. हम किसानों से एक रुपया लेकर एक लाख से 10 लाख रुपये तक बीमा दे रहे हैं. 2 करोड़ 70 लाख बहनें जो हैं उन्हें एक हजार महीने के हिसाब से पूरा पैसा इस महीने तक मिल गया है. उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए आगे कहा, ''लोकसभा चुनाव के दौरान ये बात फैलाई गई कि हम संविधान बदल देने वाले हैं. वो फेक नैरैटिव फैला रहे थे. जब नरेंद्र मोदी फिर से चुनकर आए तो उन्होंने पहला काम ये किया कि संविधान को एक ऊंचे स्थान पर रखकर उसके ऊपर अपना सिर झुकाया और कहा कि किसी के पास शक्ति नहीं है कि वो इस संविधान को बदल सके. इससे लोगों का विश्वास बढ़ गया.

एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों में बताया गया है कि राज्य में महायुति सरकार आ रही है. मुझे भी पूरा विश्वास है कि महायुति की सरकार आएगी. राज्य में 100% महायुति सरकार बनेगी.महाराष्ट्र में ज्यादातर एग्जिट पोल के नतीजे महायुति गठबंधन के पक्ष में दिख रहे हैं. एग्जिट पोल के मुताबिक महायुति को 152 से 160 सीटें और महाविकास अघाड़ी को 130 से 138 के बीच सीटें दे रहा है. अन्य के खाते में 6 से 8 सीटें जाने का अनुमान लगाया गया है. एग्जिट पोल भी महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन की सरकार बना रहा है. इसके मुताबिक बीजेपी गठबंधन को 150 से 170 सीटें दे रहा है. यानी सीटों की लोअर रेंज भी बहुमत के नंबर से ऊपर है. वहीं कांग्रेस गठबंधन को ये एग्ज़िट पोल 110 से 130 सीटें दे रहा है. अन्य के खाते में 8 से 10 सीटें जा रही हैं.

# एमवीए 160 से ज्यादा सीटें जीतकर बनाएगी सरकार

## > चुनाव को लेकर संजय राउत का दावा



**मुंबई.** राज्यभर में हुए मतदान के बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का शोर थम गया है। अब सभी दलों को 23 नवंबर का इंतजार है, जिस दिन मतों की गणना होनी है। चुनाव के बाद कई दल जीत को लेकर काफी आशान्वित है। इस क्रम में चुनाव के एक दिन बाद शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दावा किया है कि विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन कुल 288 में से 160 से 165 सीटें जीतेंगी और राज्य में एक स्थिर सरकार प्रदान करेगा।

एक दिन बाद, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन कुल 288 में से 160 से 165 सीटें जीतेगा और राज्य में एक स्थिर सरकार प्रदान करेगा। गुरूवार को दिए अपने बयान में राज्यसभा सदस्य राउत ने यह भी कहा कि एमवीए नेता शनिवार को होने वाली मतगणना से पहले आज एक बैठक भी करेंगे। मतदान समाप्त होने के बाद ज्यादातर एग्जिट पोल ने महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत का अनुमाान जताया है, जबकि कुछ एग्जिट पोल ने पश्चिमी राज्य में एमवीए गठबंधन को बढ़त दी है। पत्रकारों से बात करते हुए सांसद संजय राउत ने कहा, "हम और हमारे सहयोगी, जिनमें पीडब्ल्यूपी, समाजवादी पार्टी, वामपंथी दल जैसे छोटे दल शामिल हैं, बहुमत का आंकड़ा पार कर रहे हैं। हम 160-165 सीटें जीत रहे हैं। राज्य में एक स्थिर सरकार होगी। मैं यह बहुत विश्वास के साथ कह सकता हूं।" गौरतलब है कि एमवीए में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा (SP) शामिल हैं। जबकि, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की राकांपा शामिल हैं।

**सभी दलों को 23 नवंबर का बेसब्री से इंतजार**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर जहां महायुति गठबंधन सत्ता बरकरार रखने के लिए दृढ़ संकल्पित है, वहीं विपक्षी एमवीए गठबंधन राज्य में 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने अच्छे प्रदर्शन को विधानसभा चुनाव में भी दोहराने की उम्मीद कर रहा है। फिलहाल सभी दलों को 23 नवंबर का इंतजार है। वहीं, अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, बीते बुधवार को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 के विधानसभा चुनावों में यह 61.74 प्रतिशत था।

## बस और ट्रक की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत

**नासिक.** नासिक जिले में बड़ा हादसा होने की खबर सामने आई है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस और एक ट्रक आपस में टकराने से 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बस मनमाड़ से अहमदनगर जिले के शिर्डी की तरफ जा रही थी। ट्रक नासिक के येवला से मनमाड़ की ओर जा रहा था। तभी अंकाई इलाके में ट्रक और बस में टक्कर हो गई। इस हादसे में बस चालक और ट्रक में चालक के साथ बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 18 लोग घायल हुए हैं। इनमें ट्रक चालक और बस में सवार यात्री शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में दाखिल किया गया है। हालांकि, हादसे की वजह अब तक सामने नहीं आई है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। पुणे शहर के कातरज़ इलाके में एक सड़क दुर्घटना होने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि ट्रक और दोपहिया में टक्कर होने से एक युवती की मौत हो गई है। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि करण अपनी प्रेमिका सोनी कृष्णा श्रीवास्तव के साथ कातरज़ इलाके से गुजर रहा था।

## आज का राशिफल

**मेष**- जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

**वृषभ**- जातको के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने बेफिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

**मिथुन**- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

**कर्क**- दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्जा लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

**सिंह**- शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

**कन्या**- जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

**तुला**- आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

**वृश्चिक**- आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

**धनु**- जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

**मकर**- जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

**कुंभ**- आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

**मीन**- आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

## 'ये अब सिर्फ मनोरंजन का साधन'

### > एग्जिट पोल के नतीजों पर बोले उद्धव ठाकरे

**मुंबई.** विधानसभा चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे, लेकिन उससे पहले एग्जिट पोल के नतीजों में महाराष्ट्र में एक बार महायुति की सरकार की वापसी हो सकती है. वहीं एग्जिट पोल के इन आंकड़ों को शिवसेना उद्धव गुट ने महज मनोरंजन का साधन बताया है. शिवसेना यूबीटी नेता आनंद दुबे ने कहा, "एग्जिट पोल मनोरंजन का माध्यम बन गए हैं. हरियाणा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कहा गया था कि कांग्रेस सरकार बनाएगी, लेकिन बीजेपी ने सरकार बना ली. इसलिए एग्जिट पोल सिर्फ मनोरंजन के लिए हैं. 23 नवंबर को एमवीए बड़ा उलटफेर करेगी. इसके अलावा मतदान को लेकर उन्होंने कहा, "मतदान प्रतिशत में इजाफा होने का मतलब है लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी है और उन्होंने सरकार के खिलाफ मतदान किया है." महाराष्ट्र में इस बार 65 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है. वहीं एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले की बिटकॉइन घोटाले में कथित संलिप्तता पर आनंद दुबे ने कहा.

## PUBLIC NOTICE

**Pro. No. 7239 Dt. 13/11/24**
**IN THE COURT OF 4th JOINT CIVIL JUDGE JUNIOR DIVISION, NAGPUR. Room No. 404**
**M.J.C. Case No. 1020/2024**
**Fixed For 25/11/2024**

Applicant : 1) Arun S/o Shivkumar Agrawal, R/o BW I Gangasagar Ramdaspeth Nagpur, 2) Manju W/o Shivkumar Agrawal, R/o BW I Gangasagar Ramdaspeth Nagpur, 3) Kavita W/o Kishor Lamba or Kavita D/o Shivkumar W. Agrawal, R/o 343 Lamba Bhavan Agrasen Chowk Gandhibagh Nagpur, 4) Sapna W/o Rajiv Bansal or Sapana Shivkumar W. Agrawal, R/o Vivekanand Colony Naya Kheda Jaipur Rajasthan, 5) Arti W/o Lalit Namodia or Arti Shivkumar Agrawal, R/o Dhamangaon Road Naka Yawatmal --Versus-- Non-Applicants: Nil

Name of Deceased : 1) Shivkumar S/o Wilayatiram Agrawal, Died On: 20/03/2013, R/o BWI Gangasagar Apartment Canal Road, Ramdaspeth Nagpur.

Whereas Shivkumar S/o Wilayatiram Agrawal, Died On: 20/03/2013, R/o BWI Gangasagar Apartment Canal Road, Ramdaspeth Nagpur. and Whereas Arun S/o Shivkumar Agrawal & Oth. has presented an application to this Court for grant of Legal Heir Certificate Under the Bombay Regulation Act 1827.

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants Arun S/o Shivkumar Agrawal & Oth. as Legal Heir of the deceased to appear in the Court of 4th Joint Civil Judge Junior Division, Nagpur on 25th Day of November, 2024 at 10.30 A.M. there to enter their objections and it is hereby declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of Legal Heir of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, that 12th day of November, 2024.

Seal — By order of the Court, Asstt. Supdt. (T.W.), Civil Judge Sr. Dn. Nagpur.

Prasanna Publicity 09326927622

## ग्रामपंचायत कार्यालय वडधामणा
## तहसिल हिंगणा जिल्हा परीषद नागपुर

### मालमत्ता फेरफार बाबत जाहीरनामा

**दिनांक :21/11/2024**

याव्दारे सुचीत करण्यात येते कि, खालील मालमत्ता धारकांनी / अर्जदारानी या कार्यालयात मालमत्ता रेकॉर्डवरून गावात फेरफार करणेकरीता अर्ज केलेला आहे. ग्रामपंचायत मध्ये प्रसिध्दी करण्यात येत असलेल्या खालील फेरफारावर काही आपेक्ष किंवा हरकत घ्यावयाच्या आसतील त्यांनी प्रसिध्द दिनांकापासुन सात दिवसाचे आत आपल्या हरकती लेखी स्वरूपात सरपंच ग्रामपंचायत वडधामणा यांच्याकडे सादर कराव्यात. मुदतीनंतर येणारे आक्षेप अर्जाचा विचार करण्यात येणार नाही यांची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | मालमत्ता / प्लॉट क्रमांक | रेकार्डला दाखल करावयाचे नाव | वार्ड क्र | रेकार्डवरून खारीज करावयाचे नाव | सादर केलेले दस्ताऐवज | मालमत्तेचे वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ३३०२ | शिवहारे रामबिलास रामकिशन | ४ | साळवे नारायण भिमराव | ३६०६/२०२२ | अर्धा खाली प्लॉट |
| २ | २२ | वंजारी कल्पना निरंजन | 3 | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०२११/२०२४ | खाली प्लॉट |
| 3 | २५, २६, २७ | धवड प्रणाली प्रशांत | 3 | जोशी शशीमोहन वसंतराव | ४९७९/२०१३ | खाली प्लॉट |
| ४ | २२६४ | इंद्रजीत कौर चहल | १ | दुबे रामकीशोर मथुराप्रसाद | १२२७/२०२४ | खाली प्लॉट |
| ५ | ३७१७ | अडगावकर सुनिल रूपराव | १ | मोकाती प्रभा गोपालदास | ४२९२/२०१० | खाली प्लॉट |
| ६ | २४ | वारसान चे नावाणे करणे | ४ | गुप्ता सितादेवी अरविंदकुमार | वारसान पत्र | खाली प्लॉट |
| ७ | २० | वारसान चे नावाणे करणे | ४ | गुप्ता सितादेवी अरविंदकुमार | वारसान पत्र | खाली प्लॉट |
| ८ | २१६ | महावादी ईशा मनिष | ५ | बोटुले राजेश किशोर | ५१६६/२०२४ | खाली प्लॉट |
| ९ | ९ | गायधनी विनोद रमेश | ५ | बोटुले राजेश किशोर | १०२१५/२०२४ | खाली प्लॉट |
| १० | १५ | मांजरे हेंमत लक्ष्मणराव | ५ | बोटुले राजेश किशोर | ९३५/२०२४ | खाली प्लॉट |
| ११ | ३ | कळंबे वर्षा विजयकुमार | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०२१२/२०२४ | -//- |
| १२ | ४ | गायधनी प्रिती विनोद | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०२१४/२०२४ | -//- |
| १३ | ख. क्र ३२ | जयसिंग वेअर हाउस | | दिनानाथ दशरथ कांमडे व इतर | ५९३४ / २०२१ | खाली प्लॉट |
| १४ | ६८ | पुरकाम हनुमंता शिवराम | ५ | बोटुले राजेश किशोर | ५२७८/२०२४ | खाली प्लॉट |
| १५ | १९७६ | रेवतकर स्वाती प्रमोद | २ | काचोरे प्रल्हाद पंजाबराव | १७९७/२०२० | खाली प्लॉट |
| १६ | ७६ | नखाते सुनिल भिमराव | ५ | बोटुले राजेश किशोर | ४१७५/२०२४ | खाली प्लॉट |
| १७ | १२ | बनिया ज्योती सुमित | १ | पंचमतिया अमित मगनलाल | ३७९३/२०२२ | खाली प्लॉट |
| १८ | १६ | सिंह प्रदिप कुमार | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०३१५/२०२४ | खाली प्लॉट |
| १९ | २१ | देवि स्वरस्वती | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | ११३३१/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २० | २० | वर्मा सुदर्शन | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०७१८/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २१ | २८ | बेदाडे गुलाब जानराव | ३ | थोराने शैलेश नारायण व इतर | १०७१९/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २२ | १२२३ | पिसे प्रफुल केशवराव | ३ | महिपाल पवन मदनलाल | ७९२६/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २३ | ३४६८ | हिरणवार सुधिर गोपाल | ४ | मोटघरे बंडु फकीराजी | ११०५९/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २४ | ३६०२ | कुशवाहा अजय पंचदेव | ३ | रायजादा संदिप जगदीश | ५८०४/२०२१ | खाली प्लॉट |
| २५ | २१८१/१ | जेसवानी शेशपाल | ३ | जेसवानी अमरलाल | ७६२६/२०२२ | खाली प्लॉट |
| २६ | १६४८/१ | अफसर अब्दुल हई खान | ३ | बोझा नोंद करणे | ४३७५/२०२४ | खाली प्लॉट |
| २७ | ३०८० | बोदरे आशिष गंगाधर | ३ | बोझा नोंद करणे | २५५८/२०२२ | खाली प्लॉट |

श्री राहुल ज्ञा. आंबटकर
सरपंच
ग्रामपंचायत वडधामणा

श्री शाम वे राव
उपसरपंच
ग्रामपंचायत वडधामणा

श्री विष्णु र पोटभरे
ग्रामपंचायत अधिकारी
ग्रामपंचायत वडधामणा

## सुविचार

"समस्याओं के समाधान खोजने वाला व्यक्ति सफलताओं की सत्ता प्राप्त करता है।"

## संपादकीय

# कहते हैं ये उत्सव है!

महाराष्ट्र विधानसभा के लिए बुधवार को मतदान संपन्न हो गया है। चुनाव लोकतंत्र का उत्सव वगैरह कहने की प्रथा है, लेकिन अब यह पैसे का उत्सव बन गया है। इस चुनाव में जिस तरह सत्ताधारी दल पैसों की तूफानी बारिश करते रहे, उससे तो यही कहना पड़ेगा। ये तस्वीर हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि भाजपा ने इस चुनाव में उनकी छवि खराब करने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किए। महाराष्ट्र में तो ये आंकड़ा जरूर दो हजार करोड़ के पार पहुंच गया होगा। मतदान से एक दिन पहले मुंबई, विरार-नालासोपारा, नासिक, छत्रपति संभाजीनगर जैसी जगहों पर करोड़ों रुपए के खोके मिले और ये वितरण भाजपा और शिंदे के लोग कर रहे थे। पैसे की यह बरामदगी तब हुई जब मतदान में कुछ ही घंटे बाकी थे। इसका मतलब यह है कि पहले निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पैसा पहुंचा और पुलिसिया बंदोबस्त में पैसा बांटकर मतदाताओं को खरीदने की कोशिश की गई। जब महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति पर सरेआम बट्टा लगाया जा रहा था तो हमारा चुनाव आयोग सो रहा होगा। विरार इलाके के नालासोपारा में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े एक होटल में पैसों से भरा बैग लेकर घुसे और पैसों का वितरण शुरू होते ही चुनाव आयोग के लोग तो वहां नहीं पहुंचे, लेकिन हितेंद्र ठाकुर की पार्टी बहुजन विकास आघाड़ी के लोग वहां पहुंच गए। चार घंटे तक तावड़े को घेरकर 'जाम' लगा दिया। तावड़े के कमरे में पैसे थे, लेकिन चुनाव आयोग ने समय पर पंचनामा कर मामला दर्ज नहीं किया। मामला दर्ज किया गया, वह भी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर। और चुनाव आयोग के नियमों को तोड़कर छोटी-छोटी बातों पर प्रेस की। विधायक ठाकुर का आरोप है कि तावड़े के पास 5 करोड़ रुपए थे, लेकिन आयोग कागज पर सिर्फ 9 लाख लेकर आया। फिर उपरोक्त मलीदा सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस, आयोग के लोगों ने किस दरवाजे का इस्तेमाल किया? शिंदे ग्रुप के विधायकों के पंद्रह करोड़ सांगोला के टोल नाके पर पकड़े गए थे, लेकिन चुनाव आयोग और पुलिस ने कुछ रकम जब्त कर बाकी रकम संबंधित को लौटाकर शिंदेगीरी का अपना कर्तव्य निभाया। सांगोला में कार और ड्राइवर सीधे विधायक के थे। फिर भी उन्हें बचाने का घटियापन किया गया। यह रहस्य है कि नालासोपारा में 'तावड़े' का गेम शिंदे ने किया या भाजपा के किसी और ने। क्योंकि बाद में एक फोन आया और ठाकुर मंडली तावड़े समेत उसी गाड़ी से कहीं बैठने या बात करने चले गए। लोकतंत्र में जनता को बेवकूफ बनाने के ये खेल चल रहे हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पैसा बांटा गया। पैसों का बड़ा सैलाब आ गया। इस सैलाब में कौन वैसे बह गया और कौन वफा की ईंटो पर तर गया, यह तो अगले 72 घंटों में पता चल जाएगा, लेकिन इतना तो तय है कि चुनाव अब लोकतंत्र का उत्सव नहीं, बल्कि भ्रष्ट पैसे का उत्सव बन गया है। चुनाव पर सट्टा लगाया जाता है और उस सट्टे में सैकड़ों करोड़ों का कारोबार होता है। लाखों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब किए जाते हैं। धर्म के नाम पर गंदा प्रचार कर ऐन वक्त पर तनाव बढ़ाकर वोट के लिए 'बांग' दी जाती है। हिंदू-मुसलमानों के बीच दरार पैदा कर 'जिहाद' का मुद्दा बनाया जाता है और आपका चुनाव आयोग भाजपा का लाचार शिंदे बनकर खुली आंखों से सब देखता रहता है। लोकतंत्र देश का धर्म है। महाराष्ट्र ने सावधानी से मतदान किया। लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की गई, लेकिन महाराष्ट्र में लोकतंत्र जिंदा रहेगा। महाराष्ट्र का गौरव विजयी होगा। महाराष्ट्र का स्वाभिमान पैसे के सैलाब में नहीं बहा होगा, इस बाबत हमारे मन में कोई संदेह नहीं है।

## व्यंग्य

राजकुमार कुम्भज

# शिष्ट बनने के लिए भ्रष्ट बनिये

भ्रष्टाचार में ही शिष्टाचार है. नो भ्रष्टाचार नो शिष्टाचार. नित नए नारागढ़ू, हमारे नेताओं को चाहिए कि वे अपने नागरिकों के लिए 'भ्रष्ट बनो शिष्ट बनो' का नया नारा देना चाहिए. वैसे भी, 'आराम हराम है', 'जय जवान जय विज्ञान' जैसे नारे तो आउट-ऑफ डेट और आउट-ऑफ़ फ़ैशन हो गए हैं. फ़ैशनेबुल बनना है तो फ़ैशनेबुल नारे भी चाहिएँ. हम सदा-सच बोलो और सत्यमेव जयते का पाठ पढ़ते पढ़ाते आ रहे हैं. पर दुनिया अब तरक्की कर चुकी है, लिहाज़ा इन पाठों में कोई अर्थ अब नहीं रहा. अतः अब हमें आधुनिक युग के श्री श्री 1008 श्री भ्रष्ट ऋषि का लिखा भ्रष्ट पुराण पढ़ना-पढ़ाना चाहिए या भ्रष्टनारायण की कथा बांचना चाहिए जिसमें भ्रष्ट बनने के तरीके, उससे फ़ायदे इत्यादि के बारे में सभी तरह की जानकारियां दी गई हैं. और, यह भी बताया गया है कि आधुनिक युग में बिना भ्रष्ट बने या तो कोई पागल या कोई बेवक़ूफ़ ही जिंदा रह सकता है. स्व. गुलजारी लाल नंदा ने अपने जमाने में एक भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा बनाया था.

तब उन्होंने बड़ी ही मार्मिक बात कही थी, कि मैं किसी से भी किसी काम के लिए कोई पैसा नहीं लूंगा, इसकी कसम खाता हूँ, पर इसकी कसम नहीं खाता कि मैं अपना कोई काम करवाने के लिए किसी को कोई पैसा नहीं दूंगा. इस देश की जनता ने तभी से समझ लिया था कि उनके कल्याण का रास्ता भ्रष्टाचार की अंधी गली से ही गुजरता है. अब हमें- 'हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे' जैसे गबन-राग छेड़ते हुए भ्रष्टाचार बढ़ाने के आंदोलन करने चाहिएँ. हमें चाहिए कि हम अधिकतम भ्रष्टाचार करें और अपने देश को इस मामले में सिरमौर का दर्जा दिलवाएँ. यदि हम थोड़ा सा भी अधिक प्रयास करें तो हम एक मजबूत भ्रष्ट राज्य बना ही सकते हैं. वैसे भी भ्रष्टाचार धर्म-जाति-वर्ग निरपेक्ष होता है, और भारत की धर्म-जाति-और वर्ग में बंटी जनता को एकीकृत करने में बहुत काम आएगी. इसी लिए भ्रष्टाचार को हमें और तेजी से अपनाना चाहिए. शिष्टता की आधुनिक पहचान भ्रष्टाचार बन चुकी है तो आइए, अतिभ्रष्ट बनकर अतिशिष्ट बनें.

## शब्द-संधान

असग़र वजाहत

# हवा का रुख़

पच्चीस साल पहले ललित कुमार लुधियाना से व्यापार करने तेहरान आये थे। ये शाह का ज़माना था और तेल की खरीद करने वाली कम्पनियां टैंकरों में तेल लेकर बंदरगाह तक ले जाती थीं। ललित कुमार ने तेल ले जाने का एक छोटा-सा ठेका लिया और कारोबार शुरू हो गया। लेकिन ग़ज़ब यह हुआ कि ललित कुमार क्लासिकी फ़ारसी शायरी की गिरफ्त में आ गये। फिरदौसी और हाफ़िज़ का कलाम उनका तकिया कलाम बन गया। व्यापार चलता रहा है और ललित फ़ारसी शायरी और संगीत में रमते चले गये। उन्होंने बताया था दस साल पहले पहली बार जब बाकू आया था तो फ्लाइट रात में पहुंची थी। एयरपोर्ट पर अंधेरा था। सर्दियों के दिन थे। हीटिंग भी नहीं थी। रात के वक्त टैक्सियां भी नहीं थीं। हालांकि मेरी होटल में बुकिंग थी लेकिन वहां पहुंच ही नहीं सकता था। रात ओवर कोट में एक ठण्डी कुर्सी पर गुज़ारी। दस साल बाद आज जिस विशाल इमारत के सबसे ऊपरी फ्लोर पर ललित का सुपर डीलक्स फ़्लैट है, वह उन्हीं की है। फ़्लैट में लीविंग रूम, टी.वी. लॉज, बिल्यर्ड रूम, लायब्रेरी, स्वीमिंग पूल, 'सोना' बाथ और टेरिस गार्डेन है। मुझे ललित जी ने जब वह कमरा दिखाया जहां मुझे रहना था तो लगा कि बस जिंदगी में न कभी ऐसा हुआ था न आगे होगा। इस विशाल डीलक्स फ़्लैट में ललित अकेले रहते हैं। नौकरों के लिए इसी बिल्डिंग में क्वार्टर्स हैं, ड्राईवर, गार्ड, सफ़ाई वाले नौकर, खाना पकाने वाली लड़की और उनका सेक्रेटरी इसी इमारत में हैं। ललित जी बाकू में भी तेल का कारोबार करते हैं। उनके टैंकर तेल लेकर टर्की के बंदरगाहों तक जाते हैं। 'रियल स्टेट' का काम भी कर रहे हैं। रेस्त्रां भी है और अब कई हजार एकड़ पर लाल मिर्च की खेती भी करा रहे हैं।सुबह आंख खुली तो हल्के संगीत के साथ किसी के गाने की गंभीर आवाज़ सुनाई दी। यह आवाज़ भीमसेन जोशी की आवाज़ की तरह बिलकुल अंतर की गहराईयों से निकलने वाली आवाज़ थी।



डॉ. एम.ए. रशीद



शुक्रवार स्पेशल | भाग (65)


# इस्लामी जगत के सुपरहिट हीरो नंबर 1

## शासक अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि की ईमानदारी के इष्टतम दृष्टांत

### मुस्लिम समुदाय को ईमानदारी से नेक कार्यों की ओर बढ़ने का प्रयत्न करना चाहिए

आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि के शासन काल मे राजकोष आपके निपटान में था। आप प्रतिदिन राजकोष में आने वाली वस्तुओं, धन आदि को ग़रीबों और ज़रूरतमन्दों में वितरित कर देते थे। राजकोष से अपने घर का खर्च चलाने के लिए बहुत कम पैसे लेते हैं। एक दिन आप रज़ि की पत्नी ने कहा कि- हे अमीरुल मोमिनीन/ मुसलमानों के शासक! काफ़ी दिनों से कोई मीठी चीज़ नहीं खाई। आज कुछ मीठा खाने का मन करता है। अगर आप कुछ मीठी चीज़ मंगा दें तो अच्छा हो। आप कहते हैं कि मुसलमानों का राजकोष (बैतुलमाल) इसके लिए नहीं है। यह मुसलमानों की अमानत है। इसमें से हमारे लिए सिर्फ़ उस मात्रा में लेना जायज़ है जिससे हम साधारण ढंग से अपना गुज़ारा कर सकें, मेरे पास भी कुछ पैसा नहीं कि कुछ बुला सकूं। यह सुनकर आपकी पत्नी चुप हो जाती हैं। मीठा खाने का जी चाहता था, इसलिए एक वैध तरीका निकालती हैं। घर के ख़र्च में से थोड़ा-थोड़ा बचाती हैं और उससे एक दिन मीठा मंगा लेती हैं। मीठा खाना तैयार कर आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि के सामने पेश करती हैं। अमीरुल मोमिनीन पूछते हैं, यह मीठा कहां से आ गया? पत्नी जवाब देती हैं कि कई दिन से प्रतिदिन के ख़र्चे में से थोड़ा-थोड़ा बचाकर यह रक़म इकट्ठा की थी उस रक़म से मीठा मंगाई हूं।आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि बोले कि आप प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा बचाती रहीं वह हमें महसूस भी ना हुआ। इसका मतलब यह है कि हम इतनी रक़म अधिक ले रहे हैं और उसके बाद वे अपने वज़ीफ़े में से इतनी रक़म कम करा देते हैं। मुस्लिम जगत के पहले शासक (ख़लीफ़ा) आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि कमर पर पानी का थैला बांधे माज़ूर, दिव्यांगों के घरों तक पानी पहुंचाते।

अपने मोहल्ले वासियों के काम अपने हाथों से करते हैं। वे पड़ोसियों की बकरियों का दूध दोहते हैं और उनकी आवश्यकताओं की वस्तुएं बाज़ार से खरीद कर ला देते हैं। वे चरागाह में मवेशी चराते दिखाई देते हैं। लोग पूछते हैं ओह ख़लीफ़ाए रसूल! यह इतने जानवर किसके हैं? आप रज़ि कहते हैं "मेरे पड़ोसियों के"। आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि के शासनकाल में मदीना के पास एक बूढ़ी अंधी औरत रहती थी। उसकी कोई संतान नहीं थी जो बुढ़ापे में उसका सहारा बन सकती। वह बहुत ही मजबूर और बेबसी का जीवन जी रही थी। आदरणीय उमर फ़ारूक़ रज़ि को उसकी बेबसी का पता चला। आप सवाब, पुण्य पाने के लिए अक्सर इसी प्रकार के अवसरों की तलाश में रहते थे, इसलिए आपने दिनचर्या बना ली कि प्रतिदिन सुबह-सुबह बुढ़िया के घर जाते, उनके घर में झाड़ू लगाते, बाज़ार से खाने-पीने का सामान लाकर रख देते और इस तरह बुढ़िया की सेवा करते रहते। कुछ दिनों के बाद उन्हें ऐसा प्रतीत हुआ कि कोई व्यक्ति उनसे भी पहले आकर यह सारे काम कर जाता है। उन्हें यह चिंता हुई की आख़िर यह कौन बुज़ुर्ग है जो मुझ से भी पहले आकर बुढ़िया के सारे काम कर जाते हैं। उन्होंने एक दिन पता लगाने की ठान ली। वह काफ़ी रात से बुढ़िया के दरवाज़े के समीप छुप कर खड़े हो गए कि देखें वह कौन है जो मुझसे पहले बुढ़िया के सारे काम कर जाते हैं। अभी काफ़ी रात बाक़ी थी कि एक व्यक्ति ने बुढ़िया के घर में प्रवेश किया, झाड़ू दी, पानी भरा और आवश्यकताओं की सारी चीज़ें लाकर रख दीं। आपने पहचानने की कोशिश की, मगर अंधेरे के कारण पहचान ना सके। जब वह व्यक्ति सब काम करके जाने लगा और दरवाज़े के समीप पहुंचा तो आदरणीय उमर फ़ारूक़ रज़ि यह देखकर आश्चर्य में पड़ गए कि यह तो इस्लामी जगत के शासक आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि हैं। आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि अपने शासनकाल में ग़रीबों और मोहताजों पर कड़ी नज़र रखते कि उनके जीवन में किसी प्रकार की कोई दुश्वारी न आने पाए। उदाहरणतः शीत ऋतु में वे जनकोष से अत्यधिक संख्या में ठंड से बचाव के कपड़े ख़रीद कर मदीने की विधवाओं में वितरित किया करते।



उनके ढ़ाई वर्षीय शासनकाल में राजकोष में लगभग 2 लाख सिक्के संग्रहित हुए थे। इन सब को उन्होंने ज़रुरतमंदों में वितरित कर दिया। अपने शासन काल के दौरान शासक अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि अपने गवर्नरों को कार्यकलापों के लिए उन्हें लगातार उत्तरदायी ठहराते और इसकी जांच-पड़ताल के लिए निजी तौर पर उनसे भेंट भी करते। वे उन्हें हमेशा याद दिलाते थे कि बतौर लीडर आप प्रजा के सेवक हैं और आपको प्रजा की भलाई के लिए अनथक परिश्रम करने में अपना समय लगाना चाहिए। आपको अपना साधारण जीवन ऐसा व्यतीत करना चाहिए जिससे प्रजा सुकून की ज़िंदगी गुज़ार सके। आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि की ईमानदारी के इष्टतम दृष्टांत के अनेकों उदाहरण इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। मुस्लिम समुदाय को चाहिए कि वह सेवा भाव के प्रति अपने कार्यों का मूल्यांकन करे। क्योंकि समुदाय का प्रत्येक व्यक्ति क़ियामत के दिन अपने कार्यकलापों के लिए उत्तरदायी होगा। इसलिए मुस्लिम समुदाय के लिए ज़रूरी है कि वह अपने कार्य कलापों का नियमपूर्वक जाएज़ा लेते रहे। जब कोई ईमानदारी से अपने कार्यकलापों का मूल्यांकन करेगा तो अवश्य ही वह नेक कार्यों की ओर आगे बढ़ने का प्रयत्न करेगा। क़ियामत के दिन उसे प्रत्येक नेक कार्य का सर्वश्रेष्ठ प्रतिफल भी मिलेगा। फिर यदि कोई अपने कार्य कलापों को नियमपूर्वक मूल्यांकन करने में असफल रहता है तो हो सकता है वह भूल-चूक, बुराई और गुनाहगारी का जीवन बसर करने में लीन और मगन हो जाए, परलोक में ऐसे जीवन के प्रति वह अवश्य उत्तरदाई होगा। पवित्र क़ुरआन की सूरह ज़िल्ज़ाल की पंक्ति क्र 7 और 8 में अल्लाह, ईश्वर का फ़रमान है कि "तो जिसने ज़र्रा बराबर भी नेकी की होगी वो उसको देख लेगा। तो जिसने ज़र्रा बराबर भी बुराई की होगी वो उसको देख लेगा"। इन पंक्तियों में ज़र्रा का मतलब कम से कम मात्रा है जो तौलने में न आ सके इतना छोटा कार्य या अमल भी हिसाबो किताब के दायरे में आ जायेगा, हां आख़िरत में छोटा या बड़ा अमल उसी वक़्त फायदेमंद होगा जब कि अमल करने वाला ईमान वाला हो आदरणीय ज़ैद बिन असलम रज़ि फ़रमाते हैं कि एक साहब रसूल सअव की सेवा में हाज़िर हुए और निवेदन किया कि अल्लाह तआ़ला ने आपको जिस ज्ञान से नवाज़ा है, आप हमें उस की शिक्षा दें, तो आप सअव ने एक दुसरे साहब को इस ज़िम्मेदारी पर लगा दिया कि वो इन को शिक्षा दें, उन्होंने यही सूरह पढ़ाई और जब इस अंतिम पंक्ति पर पहुंचे तो उसने कहा कि मेरे लिए यही काफ़ी है; जब नबी सअव को इसकी ख़बर पहुंची तो नबी सअव ने फ़रमाया; उन्हें छोड़ दो, उन्होंने दीन समझ लिया है. आदरणीय अबू बकर सिद्दीक़ रज़ि शासक रहते हुए इंसानों के कष्टों और परेशानियों को महसूस करते और उन का समाधान किया करते। यही शिक्षाएं मुस्लिम समुदाय के लिए प्रेरणादायक हैं कि उसे अपनी क्षमता के अनुसार समाज सेवा करना चाहिए। इससे इंसानों के दुख दर्द दूर हो सकते हैं और परलोक में बेहतरीन अज्र मिल सकता है। यदि हम में से किसी में इस प्रकार के सेवा भाव नहीं हैं और हमें अपनी ही चिंता खाए जाती है तो ऐसी प्रवृत्ति से बचना चाहिए। हमें अपना बड़ा दिल कर ग़रीबों और ज़रूरतमंदों का ध्यान रखते हुए उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।

## लोक कथा

डां.विजय चौरसिया

# उड़ने वाला घोड़ा

एक राज्य में एक लोहार और एक बढ़ई निवास करते थे। मैं न तो उस बढ़ई का नाम जानता और न ही उस लोहार का नाम! परंतु अधिकतर कहानियों में बढ़ई और लोहार के साथ एक राजा जरुर रहता है। अच्छा तो कहानी शुरु करते हैं। हां तो एक राज्य में एक लोहार और एक बढ़ई निवास करते थे। उस लोहार और बढ़ई दोनों में बहुत अच्छी मित्रता थी। लोहार अपने काम में बहुत दक्ष था। उसकी बनाई हुई वस्तुऐं बहुत जल्दी बिक जाती थीं।

परंतु बढ़ई की किस्मत ऐसी नहीं थी। वह जो सामान बनाता उसकी बिक्री कभी- कभी ही होती थी। जिसके कारण वह लोहार से जलने लगा। बढ़ई अपने मन ही मन कहता क्या बताऊं! मेरी बनाई चीजें कोई नहीं खरीदता और उस लोहार की चीजें बाजार में हाथों- हाथ बिक जाती हैं। अब बढ़ई अपने लोहार दोस्त से छोटी- छोटी बातों पर झगड़ा करने लगता। एक दिन उन दोनों में बहुत बातचीत हुई और बात मारपीट तक पहुंच गई।

इसके बाद दोनों अपनी- अपनी शिकायत लेकर उस राज्य के राजा के पास न्याय के लिए पहुंचे। राजा ने उन दोनों की बातें सुनी। तब राजा ने फैसला सुनाया कि तुम दोनों अपने- अपने घर जाओ और एक- एक कोई अच्छी वस्तु बनाकर लाओ। तभी यह फैसला होगा की कौन अच्छा कारीगर है। दोनों वहां से चले गये। बढ़ई अपने घर गया और उसने लकड़ी का एक सुंदर घोड़ा बनाया और उसमें एक इंजिन और लकड़ी के पंखे लगा दिऐ। इसी प्रकार उस लोहार ने लोहे की एक बहुत बड़ी कड़ाही बनाकर तैयार कर ली। एक दिन बढ़ई ने अपना घोड़ा और लोहार ने अपनी कड़ाही चादर में लपेटी और राजा के दिखाने राजमहल आ गये।

राजा अपनी रानी के साथ राजमहल के एक बहुत बड़े कमरे में बैठे थे। उन्होंने लोहार और बढ़ई को अपने कमरे में बुलाया और लोहार की कड़ाही और बढ़ई के घोड़ा ध्यान से देखा। जैसे ही रानी ने लोहे की कड़ाही को देखा तो रानी ने कहा यह कड़ाही बहुत अच्छी है। इसे में अपने पास रखुंगी। घोड़ा- घोड़ी तो हमारे घुड़साल में बहुत हैं। जिस समय राजा- रानी उस लोहार और बढ़ई से बात कर रहे थे।

उसी समय राजा का बड़ा लड़का उस कमरे में आ गया और जैसे ही उसने बढ़ई के बनाए हुए घोड़ा को देखा तो आश्चर्यचकित हो गया। राजा का बेटा उस घोड़े के ऊपर सवार हो गया। जैसे ही राजकुंवर की जांघ घोड़ा के पंखों से टकराई तो उस घोड़े के पंख फैल गए और घोड़ा राजमहल से निकलकर आकाश में उड़ने लगता है। उस घोड़े पर राजकुंवर सवार था। राजकुंवर को यह नहीं मालुम था कि इस घोड़ा को रोकते कैसे हैं। जिसके कारण राजकुंवर कई दिनों तक आकाश में उड़ता रहा। बहुत दिनों तक उड़ने के कारण उसको बहुत जोरों से भूख लगने लगी।

## आलेख

उमेश मौर्य

# जिंदगी की गाड़ी

रोड पर बहुत सी गाड़ियां पीं-पीं करती हुई भागी जा रही थी। कुछ धीरे से, तो कुछ बहुत तेज। वो सब तो चलाने वाले पर निर्भर था। लोग अपने अपने तरीके से उसे परिचालन कर रहे थे। कोई तनाव में तो कोई मस्ती में। किसी का लक्ष्य निश्चित था, तो किसी के लिए समय निकालने का साधन। लेकिन हर एक आदमी व्यस्त सा दिख रहा था। मगर क्यों किसी को कुछ पता न था। हर तरफ, हर जगह केवल आदमी ही आदमी। जिधर देखो उधर ही लोगों की ऊंची कल्पनाओं के सहारे दौड़ती जिन्दगी। हर आदमी अपना अपना भविष्य संवारने, बनाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। नींद, चैन, सुख, शान्ति, एवं आराम को त्याग दिया है। आठ घण्टे, बारह-बारह घण्टे काम, यहाँ तक की सृष्टि का चौबीस घण्टे भी आज की भाग दौड़ में कम पड़ने लगे। आवश्यकताऐं दिन ब दिन बढ़ती जा रहीं है। जिसके लिए आदमी मृगतृष्णा की तरह एक के बाद एक पूरी करना चाह रहा। लेकिन क्या पता कब पूरी होंगी ये अभिलाषाऐं? शायद कभी नहीं ...हमारा समाज के प्रति, परिवार के प्रति, अपने कर्मों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से काम करना ही हमें सफल एवं सुखमय जीवन दे सकता है। एक व्यक्ति को सबसे पहले अपने जीवन को जी भर के बिना अपनी आत्मा का हनन किये हुए जीना चाहिए। फिर उसे अपने परिवार में पत्नी से प्रेम, बातें करना, उसके साथ समय निकालना, बच्चों के प्रति उन्हें मार्गदर्शन करना, उनको जीवन के अनुभवों से अवगत कराना। उनके साथ खेलना, खाना, हँसना, बैठना, एवं उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान देना आदि हमारी जिम्मेदारियों में आता है। उससे एक कदम और आगे चलें तो हमारे माता-पिता की हमसे क्या-क्या उम्मीदें होती है। उन्हें विश्वास दिलाना, सुरक्षा की जिम्मेदारी उनके बढ़ती हुई उम्र में एक सहारा एवं आनंद का अनुभव दिलाती है। जिसके कारण हमारे जिन्दगी की गाड़ी बड़ी मस्ती से आगे निकलती रहती है। इससे थोड़ा और आगे चलें तो हमारे भाई, बहन, की भी हमारे जीवन के पहलू है जिन्हें हमारा मार्गदर्शन व स्नेह बॉटते रहना चाहिए।

और अपने कर्तव्यों तथा उन्हें उनके कर्तव्यों की याद दिलाना चाहिए। हमारे आस पास में हमारे दोस्तों के साथ हमारा व्यवहार मधुर हो। ईमानदारी पूर्ण एवं समझदारी के साथ होना चाहिए। अनावश्यक समय एवं औपचारिकता का ज्यादा निर्वाह हमें जीवन में धीरे-धीरे बॉधता चला जाता है। इसके अतिवाद से बचना भी चाहिए। ''न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।'' उम्मीद से ज्यादा न विश्वास न दिलाऐं।

इससे दोनों पक्ष सुरक्षित रह सकते है। और आंतरिक वैमनस्य बढ़ने की संभावनाएं कम हो जाती है। अब हमारे कार्य क्षेत्र में हमारा क्या उत्तरदायित्व बनता है। उसे पूरी निष्ठा से, एवं ईमानदारी से करने की पूरी कोशिश करनी चाहिए इससे हमारा वर्तमान तो अच्छा बनता ही है साथ साथ भावी भविष्य भी उज्जवल बनता है। हमें अपने आपको अपने इर्द गिर्द जो हमारे संपर्क में रहते है उनसे ही हमारी जिसके साथ जो भी जिम्मेदारी है। यथानुसार पूरी करते रहते जीवन की गाड़ी के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। जिससे धीरे-धीरे चारों तरफ एक अच्छा माहौल बन जायेगा। और अपने आप मस्ती की गाड़ी जीवन की राह में दौड़ने लगेगी।

## कहानी

सुशील शर्मा

# दाखिला

रामदीन अपने 4 साल के पोते के साथ एक बड़े प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल ऑफिस के सामने खड़ा था। साहब प्रिंसिपल साहब से मिलना था। "उसने चपरासी से कहा-"क्यों क्या काम है "चपरासी ने उससे सपाट लहजे में पूछा।जी बच्चे का दाखिला कराना था। "रामदीन ने विनयवत होकर कहा। "यहाँ सीट खाली नहीं हैं दादाजी और बहुत पैसे लगते हैं किसी सरकारी स्कूल में दाखिला ले लो। चपरासी ने सुझाव दिया। जी उन एक साहब ने यह फॉर्म दिया था और कहा था उस स्कूल के बड़े साहब से मिल लेना।"रामदीन ने आरटीई के तहत गरीब बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिले का फॉर्म चपरासी को दिखाया। चपरासी उस फॉर्म को लेकर अंदर गया थोड़ी देर में बाहर आकर बोला "जाओ साहब बुला रहे हैं। रामदीन ने जूते बाहर उतारे और डरता हुआ बच्चे की कलाई पकड़े अंदर गया।उस स्कूल की भव्य बिल्डिंग को बच्चा बड़ी उत्सुकता से देख रहा था। अंदर रामदीन एक कोने में खड़ा हो गया।प्रिंसिपल ने फॉर्म को देखा और गरीब रामदीन और मैले कुचैले कपडे पहने उसके पोते को देखा।देखो तुम्हारा दाखिला तो हो जायेगा फीस भी माफ़ हो जाएगी पर तुम क्या बाक़ी का खर्च उठा लोगे जैसे तीन ड्रेस हैं ,किताबें और भी स्कूल की अन्य फीस। "प्रिंसिपल ने रामदीन से पूछा। "जी कितना होगा।

"रामदीन ने डरते हुए पूछा।यही कोई पाँच हज़ार के आसपास वैसे इस स्कूल में तो पचास हज़ार से नीचे खर्च होता नहीं हैं लेकिन सरकार अब गधों को घोडा बनाने पर तुली ही है तो मौज ले ही लो "प्रिंसिपल की इस बात पर वहां बैठे स्टाफ के लोग हँसने लगे। "साहब ये तो बहुत ज्यादा है इतना हम कैसे करेंगे? हम से तो साहब ने कहा था यहाँ कोई पैसा नहीं लगेगा। "रामदीन ने रिरियाते हुए कहा।डिसगस्टिंग लुक हाउ डर्टी दिस बॉय इज ?हाऊ कैन ही एडजस्ट विथ क्लास मैट्स ? प्रिंसिपल ने अपने स्टाफ की और मुखातिब होते हुए कहा।सर आई हैव अ सजेशन,एड्मिशन शुड वी गिभन एंड टेल हिम ही नीड नॉट टू कम टू स्कूल। "एक टीचर ने सुझाव दिया।'गुड सजेशन" प्रिंसिपल ने कहा। सुनो दादाजी हम आपके बच्चे का दाखिला कर रहें हैं और आपके कोई पैसे भी नहीं लगेंगे साथ ही बच्चे को स्कूल आने की आवश्यकता नहीं है।"प्रिंसिपल ने मुस्कुराते हुए कहा।लेकिन साहब वो पढ़ेगा कैसे जब स्कूल नहीं आएगा तो। "रामदीन ने हकलाते हुए कहा। "वो पास के सरकारी स्कूल में उसे बिठाते रहना में वहां के मास्टर से बात कर लूँगा। " प्रिंसिपल ने रामदीन को पुचकारते हुए कहा। उसे हम पास कर देंगे कोई दिक्कत नहीं होगी। उसकी उपस्थिति भी लगती रहेगी,आपके काम में भी वो हाथ बटा देगा साथ ही सरकारी स्कूल में दोपहर का भोजन भी मिलेगा। "प्रिंसिपल ने रामदीन को लालच दिया। रामदीन ने भी सोचा चलो इतने बड़े स्कूल में पोते का दाखिला हो रहा है पैसे भी नहीं लग रहे और बच्चे को स्कूल से भी छुट्टी मिल रही है और क्या चाहिए। " रामदीन एक बहुत बड़े स्कूल में ख़ुशी ख़ुशी बच्चे का दाखिला करा कर घर लौट गया। प्रिंसिपल ने सरकारी स्कूल के हेडमास्टर को फोन लगाया। "मास्टरजी एक बच्चे को जरा कक्षा में बिठा लेना उसका दाखिला यहाँ है लेकिन बैठेगा आपके यहाँ जो भी होगा आप बता देना वैसे भी आपके स्कूल की दर्ज संख्या घट रही है इसी बहाने स्कूल में बच्चे तो दिखेंगे। " "जी महोदय बिठा लूँगा ,मेरे भाई की बेटी को आपके स्कूल में एड्मिशन चाहिए ही ही ही। हो जायेगा न।

# बच्चे

यह तो आप जानते हैं कि बच्चों के कई प्रकार हैं। मसलन बिल्ली के बच्चे, फ़ाख़्ता के बच्चे वग़ैरह। मगर मेरा तात्पर्य सिर्फ़ इन्सान के बच्चों से है, जिनके प्रकट रूप से तो कई प्रकार हैं। कोई प्यारा बच्चा है और कोई नन्हा सा बच्चा है। कोई फूल-सा बच्चा है और कोई चाँद-सा बच्चा है। लेकिन ये सब उस समय तक की बातें हैं जब तक सुपुत्र पालने में सोया पड़ा है। जहाँ जागने पर बच्चे की पाँचों इन्द्रियाँ काम करने लगीं, बच्चे ने इन सब उपाधियों से अनासक्त होकर एक अलार्म क्लॉक का रूप धारण कर लिया। यह जो मैंने ऊपर लिखा है कि जागने पर बच्चे की पाँचों इन्द्रियाँ काम करने लगती हैं, यह मैंने अन्य विद्वानों के अनुभवों के आधार पर लिखा है, वरना मैं इस बात का हरगिज़ क़ायल नहीं। कहते हैं बच्चा सुनता भी है और देखता भी है, लेकिन मुझे आज तक सिवाय उसकी चीत्कार-शक्ति के और किसी शक्ति का सबूत नहीं मिला। कई दफ़ा ऐसा इत्तिफ़ाक़ हुआ है कि रोता हुआ बच्चा मेरे हवाले कर दिया गया है कि ज़रा इसे चुप कराना। मैंने जनाब, इस बच्चे के सामने गाने गाए हैं, शेर पढ़े हैं.

नाच नाचे हैं, तालियाँ बजाई हैं, घुटनों के बल चलकर घोड़े की नक़लें उतारी हैं, भेड़-बकरी की सी आवाज़ें निकाली हैं, सिर के बल खड़े होकर हवा में बाईसिकल चलाने के नमूने पेश किए हैं, लेकिन क्या मजाल जो उस बच्चे की एकाग्रचित्तता में तनिक भी अंतर आया हो या जिस सुर पर उसने शुरू किया था उससे ज़रा भी नीचे उतरा हो और ख़ुदा जाने ऐसा बच्चा देखता है और सुनता है तो किस समय? बच्चे के जीवन का शायद ही कोई क्षण ऐसा बीतता हो जब उसके लिए किसी न किसी प्रकार का शोर आवश्यक न हो। अक्सर समय तो वे स्वयं ही अपनी मधुर तान से कानों में रस घोलते रहते हैं वरना यह दायित्व उनके प्रियजनों को निभाना पड़ता है। उनको सुलाना हो तो लोरी दीजिए, हँसाना हो तो अनर्गल से वाक्य, व्यर्थ-से-व्यर्थ मुँह बनाकर बुलंद-से-बुलंद आवाज़ में उनके सामने दुहराइए और कुछ न हो तो बेकारी में व्यस्त रहने के लिए उनके हाथ में एक झुनझुना दे दीजिए। यह झुनझुना भी कमबख़्त किसी निकम्मे की ऐसी ईजाद है कि क्या अर्ज़ करूँ!

शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग (सेक्स समस्या) पर सफल इलाज




सीताबर्डी टेम्पल बाजार स्थित शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक में यौन रोग एवं सेक्स संबंधित सभी समस्याओं पर प्रभावकारी एवं सफल इलाज किया जाता है। रोज की जिंदगी में यौन समस्याएं जैसे शीघ्रपतन बांझपन इत्यादि, के कारण सामाजिक एवं वैवाहिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना तथा वैवाहिक कलह, मनमुटाव आदी का भी सामना करना पडता है। अतः इन समस्याओं का शीघ्र समाधान होना आवश्यक है। रोज की भागदौड़ के जीवन में टेंशन, अनिद्रा इनक्षकारणों तथा खानपान में पोषक तत्वों के अभाव या असमय खाना पीना इन कारणों से यह समस्या उत्पन्न होती है। इसका इलाज समोपचार औषधी चिकित्सा से संभव है। महाशक्ति कवच, रे-टोन सिरप, कप नाईट पावर इन दवाओं से इन समस्याओं का समाधान आयुर्वेदिक एजेंसी सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड नागपुर में सफलतापूर्वक किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए 9112079000 / 8605245080 फोन पर संपर्क करे और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाकर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर खुशहाल जीवन व्यतीत करे.



शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में 9112079000 / 8605245080 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें.

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# चंद्रपुर, चिमूर, बल्लारपुर, वरोरा, ब्रम्हपुरी और राजुरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कौन उम्मीदवार होगा सफल?

> मतदाताओं के रुझान पर सबकी आस

> भारी मतदान से कौन बनेगा विधायक?



> भाजपा के 4 विधायक बनने के आसार?

> 1 कांग्रेस और 1 स्वतंत्र भारत पार्टी के विधायक बनने के आसार?

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**





चंद्रपुर जिले में सर्वाधिक मतदान चिमूर निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है। राजुरा निर्वाचन क्षेत्र में 72.71 प्र.श मतदान, चंद्रपूर में 57.98 प्र.श, बल्लारपूर में 69.7 प्र.श, ब्रह्मपुरी में 80.54 प्र. श, चिमुर में 81.75 प्र. श तो वरोरा मतदार संघ में 69.48 प्र.श मतदान हुआ है। भारी मतदान से मतदाताओ का उत्साह साफ दिखाई दे रहा है.

जिले की 6 सीटों में जीत की दावेदारी तो सबकी है लेकिन दिग्गज नेताओं में मंत्री मुनगंटीवार को कांग्रेस प्रत्याशी संतोष रावत और अपक्ष डॉ. अभिलाषा गांवतूरे की बड़ी चुनौती मिल रही है। तिरंगी मुकाबले में कम वोटो से जीत तय होंगी। बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र में सुधीर मुनगंटीवार अपने बलबूते पर चुनाव लढ़ रहे हैं. भाजपा के वरिष्ठ नेता शोभा फडणवीस और भूतपूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज अहीर ने अपनेआप को बल्लारपुर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार से कोसो दूर रखा. जिसकी कीमत सुधीर मुनगंटीवार को चुकानी पड़ सकती हैं.

काफी जद्दोजहद के बाद चंद्रपर निर्वाचन क्षेत्र के किशोर जोरग़ेवार जिले के भाजपा नेता सुधीर मुनगंटीवार के कड़े विरोध के बावजूद वरिष्ठ भाजपा नेता हंसराज अहीर के समर्थन से भाजपा में शामिल हो सके. साथ ही भाजपा की जीत के समीकरण पक्के होने के साथ किशोर जोरग़ेवार की जीत पक्की मानी जा रही है. भाजपा के किशोर जोरग़ेवार को कांग्रेस के प्रत्याशी प्रवीण पड़वेकर और निर्दलीय राजू झोड़े के साथ कड़ा मुकाबला होने की चुनावी रुझान से संभावना बढ़ गई है. इसके बावजूद चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र से किशोर जोरग़ेवार की जीत पक्की मानी जा रही हैं .

राजुरा में कांग्रेस के सुभाष धोटे और स्वतंत्र भारत पार्टी के एड. वामनराव चटप में सीधी टक्कर होने के आसार राजनीतिक जानकार बता रहे है. दूसरी तरफ भाजपा के देवराव भोंगले भाजपा के अंदरूनी कलह के शिकार होने के पूरे आसार दिख रहे है. जिसकी वजह से राजुरा निर्वाचन क्षेत्र के राजनीतिक अखाड़े में फिलहाल स्वतंत्र भारत पार्टी के एड. वामनराव चटप की जीत पक्की मानी जा रही है.

वरोरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के करण देवतले जो भाजपा के वरिष्ठ नेता हंसराज अहीर के करीबी माने जाते है उनकी जीत पक्की मानी जा रही है. वरोरा निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस का दबदबा है, इसके बावजूद सांसद प्रतिभा धानोरकर के बंधु प्रेम के चलते कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण काकड़े को उम्मीदवारी दिलाने की कोशिश से कांग्रेस को भारी नुकसान होने आशंका दिख रही है. धानोरकर परिवार में दो फाड़ की वजह से कांग्रेस अपनी साख बचाने में सफल हो पाएगा की या नहीं ? भूतपूर्व सांसद स्व. बालू धानोरकर के बड़े भाई अनिल धानोरकर वंचित बहुजन आघाड़ी से निर्णायक चुनाव लढ़ रहे है. उनकी चुनौती भाजपा और कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा सकती है.

चिमूर निर्वाचन क्षेत्र में औसतन भारी मतदान से भाजपा और कांग्रेस को अपनी अपनी जीत का भरोसा दिला रहा है. भाजपा उम्मीदवार बंटी भांगड़िया और कांग्रेस के सतीश वारजूरकर से सीधा मुकाबले होने की जानकारी मिल रही हैं. कड़े मुकाबले की वजह से वोटो का फासला कम होकर भाजपा जीत का इतिहास रच सकता हैं। ब्रह्मपुरी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के विजय वडेट्टीवार की एकतरफा जीत के आसार दिख रहे है.

नागपुर मेट्रो समाचार की टीम ने 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की राजनीतिक परिस्थिति का जायजा और मतदाताओं के रुझान को लेने के बाद भाजपा के 4 विधायक, कांग्रेस का 1 विधायक और स्वतंत्र भारत पार्टी का 1 विधायक चुनकर आने की संभावना जताई.

## विदर्भ में जिला निहाय मतदान प्रतिशत

**चंद्रपुर**

| मतदार संघ | कुल मतदाता | | | | मतदान हुआ | | | | मतदान का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल |
| 70 राजूरा | 167895 | 157381 | 2 | 325278 | 123591 | 112919 | 2 | 236512 | 73.61 | 71,75 | 100 | 72.71 |
| 71 चंद्रपुर | 188724 | 185168 | 35 | 373927 | 111925 | 104759 | 8 | 216692 | 59.31 | 56.58 | 22.86 | 57.95 |
| 72 बल्लारपुर | 158628 | 153720 | 7 | 312355 | 111806 | 106167 | 5 | 217978 | 70.48 | 69.07 | 71.43 | 69.79 |
| 73 ब्रम्हपुरी | 137752 | 137914 | 0 | 275666 | 112156 | 109874 | 0 | 222030 | 81.42 | 79.67 | 0 | 80.54 |
| 74 चिमूर | 141153 | 139674 | 0 | 280827 | 117144 | 112989 | 0 | 230133 | 82.99 | 80.89 | 0 | 81.95 |
| 75 वरोरा | 144963 | 137082 | 4 | 282049 | 102548 | 93841 | 2 | 196391 | 70.74 | 68.46 | 50.00 | 69.63 |
| कुल | 939115 | 910939 | 48 | 1850102 | 679170 | 640549 | 17 | 1319736 | 72.32 | 70.32 | 35.42 | 71.33 |

## उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद; शनिवार को वोटों की गिनती




देसाईगंज: बुधवार 20 नवंबर महाराष्ट्र राज्य विधानसभा चुनाव 2024 2024 को एक ही चरण में आयोजित किया गया था। हालांकि खबर लिखे जाने तक वास्तविक मतदान प्रतिशत की जानकारी नहीं मिल पाई थी, लेकिन आरमोरी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (महायुति) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (महाविकास अघाड़ी) के बीच सीधी टक्कर दिखाई दे रही है।

सही प्लानिंग के चलते इस बात की पूरी संभावना है कि विधायक कृष्णा गजबे तीसरी बार निर्वाचित होंगे.

वहीं नए उम्मीदवार शिक्षक रामदास मसराम पहली बार कांग्रेस (महाविकास अघाड़ी) से चुनाव लड़ रहे हैं. लोकसभा चुनाव से पहले ही रामदास मसराम को विधानसभा चुनाव लहर अपने पक्ष में करने में सफल होते दिखाई दे रहे थे . इसलिए, आरमोरी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में अपनी जीत के बाद, उन्होंने आरमोरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया, जहां से एक नए चेहरे को मौका मिलेगा.

विधानसभा चुनाव में नया चेहरा बने रामदास मसराम को, विजय वडेट्टीवार का समर्थन, तथा सांसद नामदेवराव किरसान जैसे नए सांसदों को अपने पक्ष में करने और प्रचार के आखिरी चरण में उन्होंने कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता प्रियंका गांधी की सभा से मतदाताओं का मन बदलने की कोशिश की. नए उम्मीदवार होते हुए भी प्रियंगा गांधी की सभा में लोगों की हजारोंकी संख्या से मसराम को फायदा हो सकता है, इसलिए शहर के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी में भी चर्चा है कि वह इस साल अपनी विधायकी सही सलामत तरीके से हासिल करेंगे .

हालांकि पूर्व निर्दलीय विधायक आनंदराव गेडाम, डॉ.शीलू चिमुरकर ने भी शुरुआत में शानदार प्रचार किया, लेकिन आखिरी चरण में उनका अभियान अपेक्षित असर नहीं दिखा सका. लेकिन सलाह. इस बार के चुनाव में प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी तीसरे नंबर पर रहेगी या नहीं ये तो 23 के नतीजों के बाद ही सही नतीजे सामने आयेंगे.

आज लगभग सभी पोलिंग पार्टियां अपनी मशीनों के साथ देसाईगंज में प्रवेश करेंगी. शनिवार वोटों की गिनती 23 तारीख को स्थानीय वखार निगम के गोदाम में होगी. जिस स्टोग रूम में ईवीएम मशीन रखी गई है, उसे पुलिस ने पूरी तरह से सुरक्षित कर लिया है और शनिवार सुबह से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी. सबसे पहले पोस्टल बैलेट और फिर ईवीएम से डाले गए वोटों की गिनती होगी.

इन सभी कार्यों के लिए चुनाव निर्णय पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी मानसी के मार्गदर्शन में आरमोरी विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक, चुनाव निरीक्षक, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी आदि शामिल हैं. आरमोरी विधानसभा क्षेत्र में नया विधायक कौन होगा यह शनिवार दोपहर 12 बजे के बाद ही पता चलेगा।

## विदर्भ में जिला निहाय मतदान प्रतिशत

**गढ़चिरोली**

| मतदार संघ | कुल मतदाता | | | | मतदान हुआ | | | | मतदान का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल |
| 67- आरमोरी | 131060 | 131710 | 1 | 262771 | 102720 | 99546 | 1 | 202267 | | | | 76.97 |
| 68 गढ़चिरोली | 154610 | 152610 | 3 | 307223 | 116704 | 113469 | 1 | 230174 | | | | 74.92 |
| 69 अहेरी | 126481 | 124974 | 6 | 251461 | 95511 | 90281 | 3 | 185795 | | | | 73.89 |
| कुल | 412151 | 409294 | 10 | 821455 | 314935 | 303296 | 5 | 618236 | | | | 75.26 |

## गढ़चिरोली जिले में औसतन 75.26 प्रतिशत मतदान

**गढ़चिरोली** : विधानसभा आम चुनाव के लिए गढ़चिरौली जिले के तीन निर्वाचन क्षेत्रों में औसत 75.26 प्रतिशत मतदान हुआ है. आरमोरी विधानसभा क्षेत्र में 76.97 प्रतिशत, गढ़चिरौली में 74.92 प्रतिशत और अहेरी विधानसभा क्षेत्र में 73.89 प्रतिशत मतदान हुआ।

आरमोरी निर्वाचन क्षेत्र में, 1 लाख 31 हजार 60 पुरुष मतदाता, 1 लाख 31 हजार 710 महिला मतदाता और 1 तृतीय पक्ष, कुल 2 लाख 62 हजार 771 मतदाता थे, जिनमें से 1 लाख 2 हजार 720 पुरुष मतदाता, 99 हजार 546 महिलाएं और 1 तृतीय पक्ष में कुल दो लाख 2 हजार 267 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

गढ़चिरौली विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 54 हजार 610 पुरुष मतदाता, 1 लाख 52 हजार 610 महिला मतदाता और 3 तृतीय पक्ष कुल 3 लाख 7 हजार 223 मतदाता थे. इनमें से 1 लाख 16 हजार 704 पुरुष मतदाता, 1 लाख 13 हजार 469 महिला मतदाता और 1 तृतीय पक्ष मतदाता, कुल 2 लाख 30 हजार 174 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

अहेरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 26 हजार 481 पुरुष मतदाता, 1 लाख 24 हजार 974 महिला मतदाता और 6 तृतीय पक्ष मतदाता थे. इनमें से 95 हजार 511 पुरुष मतदाता, 90 हजार 281 महिला मतदाता और 3 तृतीय पक्ष के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जिले में कुल 4 लाख 12 हजार 151 पुरुष मतदाता, 4 लाख 9 हजार 294 महिला मतदाता एवं 10 तृतीय पक्ष कुल 8 लाख 21 हजार 455 मतदाता थे। इनमें से 3 लाख 14 हजार 935 पुरुष, 3 लाख 3 हजार 296 महिलाएं और 5 तृतीय पक्ष, कुल 6 लाख 18 हजार 236 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

## दहशतगर्द तेंदुआ पिंजरे में कैद

**चंद्रपुर.**



चंद्रपुर जिले के भद्रावती वन परिक्षेत्र के भद्रावती नियत क्षेत्र के ओ. एफ चांदा परिसर में तेंदुए ने दहशत फैलाई थी. जिस में 14 अक्टूबर को रात दरम्यान भद्रावती शहर के आयुध निर्माण वसाहत में तेंदुए के हमले की घटना सामने आयी थी। इस हमले में 1 वर्षीय बालिका सानिया नितेश राखडे पर तेंदुए ने हमला किया था. इस तेंदुए को पकडने के लिए वन विभाग ने प्रयास शुरू किए थे। वरिष्ठ कार्यालय व्दारा तेंदुए को पकडने की अनुमती मिलने के बाद 2 पिंजरे, कैमरा ट्रैप के साथ विभागीय वन अधिकारी चंद्रपुर प्रशांत खाडे के मार्गदर्शनnमें भद्रावती वन परिक्षेत्र अधिकारी के डब्लु, क्षेत्र सहायक वीवी शिंदे, बीट वनरक्षक डीएस गेडाम, वन कर्मचारी प्रती दिन गस्त कर रहे थे। आखिरकार 19 नवंबर 2024 को शाम 5.30 दरम्यान पिंजरे में तेंदुआ पकडा गया है। इस तेंदुए को सुरक्षीत ट्रांजीस्ट ट्रीटमेंट सेंटर चंद्रपुर में जांच के लिए लाया गया है। इस तेंदुए के पकडे जाने से आयुध निर्माण वसाहत के नागरिकों ने वन विभाग का आभार माना है। यह कारवाई विभागीय वन अधिकारी चंद्रपुर प्रशांत खाडे के मार्गदर्शन में भद्रावती वन परिक्षेत्र अधिकारी के डब्लु, क्षेत्र सहायक वीवी शिंदे, बीट वन रक्षक डीएसगेडाम, विभागीय वन अधिकारी चंद्रपुर प्रशांत खाडे के मार्गदर्शन में भद्रावती वन परिक्षेत्र अधिकारी के डब्लु, क्षेत्र सहायक वीवी शिंदे, बीट वन रक्षक डीएसगेडाम, महादेव मडावी, किशोर मडावी, पवन मांडरे, अनिल शेंद्रे अमर किन्नाके, कैलाश डोंगे, राजु वालदे, वन मजूर साई संस्था प्रतिनिधी अनुपयेरने, दीपक निंबाळकर, महेशकर व संपूर्ण पीआरटी टीम ने ने की है।

## आदर्श, दिव्यांग, सखी और युवा मतदान केंद्रों पर सजावट से मतदाता अभिभूत

### >गढ़चिरोली विधानसभा क्षेत्र: उत्साह के साथ मतदान हुआ



**गढ़चिरोली** : 68-गढ़चिरौली (एजे) निर्वाचन क्षेत्र में एक-एक, जैसे आदर्श मतदान केंद्र, विकलांग मतदान केंद्र, सखी (महिला) मतदान केंद्र और युवा मतदान केंद्र इस समय स्थापित किए गए थे। इस मतदान केंद्र के मुख्य द्वार से लेकर मतदान केंद्र तक आकर्षक एवं उत्कृष्ट सजावट की गयी थी. इस सजावट से मतदाता अभिभूत हो गये. मतदान करने आए मतदाताओं ने खुशी और उत्साह से मतदान किया.

गढ़चिरौली से डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर नगर परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय के कमरा नंबर 1 में एक मॉडल मतदान केंद्र (मतदान केंद्र संख्या 122) स्थापित किया गया था। कुल 826 मतदाताओं में से 441 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

धानोरा रोड पर शिवाजी कॉलेज के कमरा नंबर 1 में विकलांगता मतदान कर्मचारियों द्वारा संचालित एक विकलांगता मतदान केंद्र (मतदान केंद्र संख्या 92) स्थापित किया गया था। कुल 728 मतदाताओं में से 485 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

गढ़चिरौली में पंचायत समिति कार्यालय के भट्ट भवन में महिला मतदान कर्मचारियों द्वारा संचालित एक सखी (गुलाबी बूथ) मतदान केंद्र (मतदान केंद्र संख्या 88) स्थापित किया गया था, जिसमें कुल 570 मतदाताओं में से 320 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

युवा मतदान कर्मचारियों द्वारा संचालित एक युवा मतदान केंद्र (मतदान केंद्र संख्या 223) जिला परिषद केंद्र स्कूल, चामोर्शी के कमरा नंबर 4 में स्थापित किया गया था। कुल 1 हजार 159 मतदाताओं में से 728 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.



# कंगूवा के मेकर्स से 3-3 गलतियां

## सूर्या-बॉबी देओल पर फ्लॉप का ठप्पा



सूर्या और बॉबी देओल की 'कंगूवा' को अब हर कोई फ्लॉप मानकर बैठ गया है. अब इस फिल्म से दर्शकों और मेकर्स को कोई उम्मीद नहीं रही है. फिल्म की कमाई ने सूर्या और बॉबी देओल के फैन्स को काफी निराश कर दिया है. हालांकि इसमें गलती न तो सूर्या की है और न ही बॉबी देओल. फिल्म देखने वाले लोगों ने जो शिकायतें की हैं, उसके आधार पर तो यही कहा जा सकता है कि मेकर्स को कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए था. मेकर्स की भूल ने सूर्या और बॉबी देओल पर फ्लॉप का ठप्पा लगवा दिया है.

'कंगूवा' को बनाने के लिए मेकर्स ने 350 करोड़ तक खर्च कर डाले थे. उन्हें उम्मीद थी कि जिस तरह से 'एनिमल' में बॉबी देओल को प्यार मिला, ठीक उसी तरह उन्हें 'कंगूवा' में भी पसंद किया जाएगा. लेकिन मेकर्स ने 3-3 गलतियां कर डाली, जिसका खामियाजा अब सूर्या और बॉबी देओल को उठाना पड़ रहा है.

पहली गलती – फिल्म देखने वाले दर्शक पहले ही दिन से इस बात की शिकायत कर रहे हैं कि 'कंगूवा' एडिट करते वक्त उसकी आवाज काफी लाउड कर दी गई है. तेज आवाज के चलते लोगों के सिर में दर्द तक होने लगा. कुछ लोगों ने साथ में दवाई ले जाने की सलाह तक दे डाली. जब-जब बैकग्राउंड म्यूजिक आता, लोगों के कानों के पर्दों पर उसका असर होने लगता. सोशल मीडिया पर यूजर्स ने लाउड अवाज को लेकर 'कंगूवा' को काफी ट्रोल किया.दूसरी गलती – दूसरी गलती 'कंगूवा' की ये हो सकती है कि लोगों को बॉबी देओल के डायलॉग्स पसंद नहीं आए. फिल्म की कहानी के आखिर में बॉबी देओल की एंट्री होती है, जो देखने में तो काफी खतरनाक और खूंखार थे. लेकिन जैसे ही हिंदी में उनके डायलॉग शुरू होते, तो लोग कहते कि इससे अच्छा तो वो कुछ न बोलते. फैन्स का मानना है कि बॉबी देओल के रोल के साथ इंसाफ नहीं किया गया. तीसरी गलती – 'कंगूवा' की तीसरी गलती ये हो सकती है कि फिल्म की कहानी का कनेक्शन लोगों की समझ में नहीं आया. यूजर्स का कहना था कि अगर उसने किसी दुश्मन को मारा है, तो उसके बच्चे को समझाने की जगह वो उसकी खातिर क्या कुछ नहीं करता. बार-बार अपनी जान खतरे में डालना और इतना तमाशा किसी और के बाप की मौत को लेकर दिखाया गया, ये बात दर्शकों को रास नहीं आई.

# आ रही 6 दमदार हॉरर कॉमेडी फिल्में







द राजा साब: शुरुआत करते हैं प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' से. पिक्चर की रिलीज डेट आ चुकी है. यह 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. यह एक रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है. फिल्म का बजट 450 करोड़ रुपये बताया जा रहा है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह एक कपल की कहानी होगी, जो एक-दूसरे के प्यार में होते हैं. पर नेगेटिव एनर्जी के चलते उन्हें अलग होना पड़ता है.

थामा: 'स्त्री' बनाने वाले अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर चुके हैं. इस हॉरर कॉमेडी फिल्म का नाम पहले 'वैम्पायर ऑफ विजयनगर' था, लेकिन अब इसे बदलकर 'थामा' कर दिया गया है. फिल्म में आयुष्मान खुराना के अपोजिट रश्मिका मंदाना नजर आएंगी. फिल्म साल 2025 दिवाली पर रिलीज होने वाली है. यह एक लव स्टोरी है, जिसमें खूब सारा खून-खराबा होगा.


ओए भूतनी के: मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह चक्रवर्ती जल्द बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाले हैं. 25 दिसंबर, 2024 को उनकी हॉरर कॉमडी फिल्म 'ओए भूतनी के' रिलीज हो रही है. अजय कैलाश ने फिल्म का डायरेक्शन किया है. इस फिल्म को लेकर मेकर्स काफी एक्साइटेड हैं.

देवी: 'स्त्री 2' के मेकर्स एक नई फ्रेंचाइजी बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, वो 'देवी' बनाने जा रहे हैं. इस पिक्चर से कियारा आडवाणी का नाम जुड़ रहा था. हालांकि, 'देवी' का कंटेंट और स्टोरीलाइन भी एकदम अलग होगी, जिसका 'स्त्री 2' से कोई लेना-देना नहीं होगा. यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म ही होगी. ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की साल 2025 में शूटिंग शुरू हो सकती है.

भूत बंगला: अक्षय कुमार को हॉरर कॉमेडी फिल्म में देखने का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस पिक्चर के साथ ही वो 14 साल बाद प्रियदर्शन के साथ काम करने जा रहे हैं. 'भूत बंगला' को साल 2025 में रिलीज किया जाएगा. हाल ही में एक मोशन पोस्टर के साथ इसका अनाउंसमेंट किया गया था, जिसे देखकर यह तो पक्का हो गया है कि फिल्म कई रिकॉर्ड्स तोड़ देगी.

भूल भुलैया 4: हाल ही में कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' रिलीज हुई है. इस पिक्चर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि, उसके बाद चौथे पार्ट को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है. अनीस बज्मी ने खुद बताया कि 'भूल भुलैया 4' बनने जा रही है. पर उसके लिए बहुत बड़ी प्लानिंग होगी. रिपोर्ट्स के मुतबिक फिल्म अक्षय कुमार की एंट्री भी हो सकती है. कब फिल्म पर काम शुरू करेंगे, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है.

# प्रियंका की मां ने बॉलीवुड को कहा 'नरक का गड्ढा'



बॉलीवुड की देसी गर्ल यीनी कि प्रियंका चोपड़ा देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपने कमयाबी के झंडे गाड़ चुकी हैं. प्रियंका म्यूजिक में भी बेहद दिलचस्पी रखती हैं. प्रियंका को सिंगिंग की दुनिया में पहचान गाने 'इन माय सिटी' से मिली थी. इसके बाद 'एक्सोइटिक' और आई कांट मेक यू लव मी शामिल हैं. ये सभी गाने काफी हिट हुए थे. देखा जाए तो प्रियंका ने जिस भी फिल्ड में हाथ आजमाया है, उसमें कामयाब रही हैं.

लेकिन आपको बता दें कि प्रियंका के लिए ये मुकाम हासिल करना इतना आसान नहीं था. उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए काफी मुश्किलों का सामना किया है. कथित तौर पर प्रियंका गॉसिप से लेकर पॉलिटिक्स तक का सामना कर चुकी हैं. हाल ही में उनकी मां मधु ने भी इस बात का खुलासा किया है कि उनकी बेटी के डेब्यू के बाद उन्होंने इंडस्ट्री की सारी गंदगी को देखा था.

मधु चोपड़ा ने हाल ही में ब्रेकिंग स्टीरियोटाइप्स पॉडकास्ट से बात की थी. इसी दौरान उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री के बारे में भी बात की और इसकी काले सच के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि 'फिल्म इंडस्ट्री हमारे लिए बिल्कुल नया था. हमारी आखों में स्टार्स थे. मैंने ये हीं सोचा था कि ये नरक का गड्ढा है. ऐसी निगेटिव बातें हमारे दिमाग में नहीं आई थीं, लेकिन जब हम वाकई में अंदर आए तो हमने उसमें गंदगी और खराब हिस्सा देखा.' मधु ने आगे कहा कि 'ये सब देखकर शुरू-शुरू में थोड़ी तकलीफ तो होती थी.'

# डर के कारण राजनीति में नहीं आ पाईं रवीना!



खूबसूरत और सफल अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी बेबाकी की वजह से जानी जाती हैं. एक्ट्रेस का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह बता रही हैं कि राजनीति की दुनिया में वह कदम क्यों नहीं रख पाईं. रवीना ने वीडियो में बताया है कि ईमानदारी और गलत कामों को बर्दाश्त न कर पाने की उनकी आदत के कारण उनके राजनीति में बने रहना चुनौतीपूर्ण हो जाता. वायरल हो रहे क्लिप में 'पटना शुक्ला' की अभिनेत्री ने कहा, मैं जिस दिन राजनीति में आऊंगी तो मेरे इस व्यवहार की वजह से मुझे जल्द ही कोई गोली मार देगा. अपनी बात को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, "मैं सच को झूठ में नहीं बदल सकती. मेरे लिए यह मुश्किल हो जाता है क्योंकि जो भी मुझे नापसंद होता है, वह मेरे चेहरे पर झलकता है और फिर मैं उसके लिए लड़ना शुरू कर देती हूं. आज की दुनिया में ईमानदारी शायद सबसे अच्छी नीति नहीं है. इसलिए जब भी कोई मुझसे राजनीति में शामिल होने के लिए कहता है तो मैं कहती हूं कि मैं आई तो बहुत जल्द मेरी हत्या कर दी जाएगी.

यह वीडियो साल 2022 का है, जो एक्स पर एक इंटरैक्टिव सेशन का है. उसमें यूजर्स ने उनसे सवाल किया कि क्या वह राजनीति में आ सकती हैं. इसके जवाब में उन्होंने यह बात कही?

रवीना ने वीडियो में बताया कि एक समय ऐसा भी आया था, जब वह राजनीति में आने पर गंभीरता से विचार कर रही थीं. 'मोहरा' अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उन्हें पश्चिम बंगाल, पंजाब और मुंबई समेत देश के कई क्षेत्रों में राजनीतिक सीटों के लिए प्रस्ताव मिले थे. हालांकि, उन्होंने उन प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया.

# सलमान ने दौड़ा दिए दिमाग के घोड़े




सलमान खान ने अपना जोर अपना पूरा भरोसा 'सिकंदर' पर लगा दिया है. बॉलीवुड के 'सुल्तान' अब 'सिकंदर' बनने के लिए अपने दिमाग के घोड़े दौड़ाने में लगे हैं. सलमान खान और उनकी टीम फिल्म से जुड़ी एक-एक छोटी चीज पर खास ध्यान दे रही है.

सलमान खान भी 1000 करोड़ी क्लब में एंट्री करना चाहते हैं और उन्हें 'सिकंदर' से पूरी उम्मदी है कि उनका ये सपना इसी फिल्म के जरिए पूरा होगा. यूं तो हर एक्टर एक-एक त्योहार पर अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करता है, लेकिन सलमान खान ने तो ईद के साथ-साथ होली पर भी अपना कब्जा जमाने का मन बना लिया है. सलमान खान की 'सिकंदर' में एक्शन तो अलग लेवल का होगी ही, लेकिन लोगों को फिल्म से जोड़े रखने के लिए मेकर्स ने फैन्स को डबल ट्रीट देने का फैसला किया है. हाल ही में पता चला है कि 'सिकंदर' में होली और ईद के लिए एक-एक खास गाना शामिल किया जाएगा. फिल्म में एक्शन के साथ-साथ फेस्टिव वाइव की भी कोई कमी नहीं होगी. लेकिन ऐसा करने के पीछे सिर्फ दर्शकों को त्योहार से जुड़ा एक गाना देना ही मकसद नहीं है.

**'सिकंदर' के साथ जुड़ी है गणित :** 'सिकंदर' से जुड़े फैसले यूं ही नहीं लिए जा रहे हैं. हर फैसले के पीछे एक गणित हैं. साल 2025 में होली और ईद इस बार काफी आसपास ही पड़ रही हैं. यानी दोनों फेस्टिवल पर अपनी पकड़ बनाने के लिए ये काम किया गया है. होली अगले साल 14 मार्च को होगी. वहीं ईद का त्योहार रविवार 30 मार्च 2025 या सोमवार 31 मार्च 2025 को मनाया जाएगा. हालांकि सलमान खान का कहना है कि वो ईद के मौके पर ही 'सिकंदर' को रिलीज करेंगे. लेकिन उम्मीद की जा रही है कि होली के दिन 'सिकंदर' का स्पेशल सॉन्ग रिलीज किया जाएगा या फिर सलमान अपने फैन्स कोई न कोई सरप्राइज जरूर देंगे. 'सिकंदर' को 1000 फिल्म बनने के लिए कम से कम 30 दिनों तक थिएटर में शानदार कमाई करते रहना होगा. शाहरुख खान की 'पठान' और 'जवान' ने भी 30 से ज्यादा दिनों तक कमाई की थी. ऐसे में अगर होली और ईद के बीच में 'सिकंदर' रिलीज होती है, तो इसे ज्यादा से ज्यादा छुट्टियों का फायदा मिल सकता है. सलमान खान 'सिकंदर' को लेकर कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहते हैं. ऐसे में मेकर्स और भाईजान जमकर इस फिल्म के लिए मेहनत कर रहे हैं.

# ए आर रहमान की गिटारिस्ट भी हुईं पति से अलग

बॉलीवुड फेमस सिंगर ए.आर.रहमान अपनी तलाक की खबरों को लेकर चर्चा में बने हुए है. सिंगर शादी के 29 साल बाद अपनी बेगम सायरा बानू से तलाक लेने जा रहे है. जब से यह खबर इंटरनेट पर आई है इंटरनेट को हिलाकर रख दिया है. यह खबर सुनकर हर कोई शॉक्ड है. इसी बीच अब हाल ही में ए.आर.रहमान की ट्रूप की बेस गिटारिस्ट, मोहिनी डे ने भी अपने पति मार्क हार्टसच से अलग होने की घोषणा कर सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी है.



एआर रहमान के तलाक के ऐलान के कुछ घंटे बाद ही उनके ट्रूप की बेस गिटारिस्ट मोहिनी डे ने भी अपने पति संग तलाक की घोषणा कर दी है.मोहिनी डे इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया कि वह पति मार्क हार्टसच से अपनी शादी खत्म कर रही हैं.

मोहिनी डे ने पोस्ट में लिखा है- 'भारी मन से, मार्क और मैं ऐलान करते हैं कि हम अलग हो गए हैं. यह फैसला हमने अपसी समझ से लिया है. हालांकि हम अच्छे दोस्त रहेंगे. हम दोनों ने फैसला किया है क्योंकि दोनों ही लाइफ में अलग-अलग चीजें चाहते हैं और आपसी सहमति से अलग होना ही आगे बढ़ने का अच्छा तरीका है.' मोहिनी डे ने आगे लिखा- 'हम अभी भी कई प्रोजेक्ट्स पर एक साथ काम करेंगे, जिनमें मामोगी और मोहिनी डे ग्रुप भी शामिल हैं. मोहिनी डे ने पोस्ट में आखिरी में लिखा है, 'आपने हमें जो भी समर्थन दिया है, हम उसकी सराहना करते हैं. कृपया इस समय हमारे प्रति पॉजिटिव रहकर और हमारी प्राइवेसी का सम्मान करते हुए हमारे द्वारा लिए गए फैसले का सम्मान करें. हम किसी भी फैसले की सराहना नहीं करेंगे.' बता दें कि मोहिनी कोलकाता की रहने वाली हैं. वह एक गिटारिस्ट हैं और उन्होंने दुनिया भर में 40 से अधिक शो में एआर रहमान के साथ प्रदर्शन किया है.

# भूल भुलैया-सिंघम अगेन के क्लैश पर बोली माधुरी

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने खूब बज क्रिएट किया है. फिल्म अभी भी थिएटर में लगी है और खूब कमाई कर रही है. इस फिल्म का रोहित शेट्टी और अजय देवगन की फिल्म के साथ क्लैश था. फिल्म दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी और दोनों ही फिल्मों की अच्छी शुरुआत हुई थी. हालांकि, अब धीरे-धीरे सिंघम अगेन का चार्म फीका पड़ता दिख रहा.वहीं भूल भुलैया 3 सुपरहिट हो चुकी है.



इस फिल्म में माधुरी दीक्षित भी अहम रोल में नजर आ रही हैं. अब उन्होंने भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश पर बात की है. माधुरी ने कहा- 'मैंने प्रार्थना की थी कि दोनों फिल्में अच्छी चलें. क्योंकि अगर फिल्में नहीं चलेंगी तो इंडस्ट्री कैसे ग्रो करेगी? दिल के समय भी ऐसा हुआ था.' उन्होंने बताया कि दिल और घायल एक साथ रिलीज हुई थी और कोई कैसे इस बारे में बात कर रहा था कि एक फिल्म रोमांटिक है और दूसरे अच्छी चलेगी. दोनों ही फिल्में ब्लॉकबस्टर हो गई थीं. अच्छी फिल्म इंडस्ट्री के लिए हर शुक्रवार ब्लॉकबस्टर फिल्म होनी चाहिए.आगे उन्होंने कहा- हर कोई पैसा बनाने के लिए मूवीज बनाता है. और इसी उम्मीद के साथ इंवेस्टमेंट करता है. एक्टर्स के लिए भले ही फिल्में न चले, लेकिन उनके काम की सराहना की जाती है. एक्टर्स सेट पर लोगों के साथ रिश्ता बनाते हैं. हमने भूल भुलैया 3 के सेट पर भी ऐसा ही किया. हम एक दूसरे की टांग खींचते थे. वन लाइनर मारते थे. इससे सेट पर अच्छा माहौल बन गया था. ये बॉन्ड हमेशा के लिए रहता है, अगर आप 30 साल बाद भी क्यों न मिल रहे हों.

## रिलेशनशिप में है विजय देवरकोंडा

साउथ स्टार विजय देवरकोंडा का नाम लंबे समय से एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ जुड़ रहा है. दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया है और उनकी जोड़ी फैंस को खूब पसंद आती है. वहीं रश्मिका संग अफेयर की खबरों के बीच अब विजय देवरकोंडा ने कंफर्म कर दिया है कि वो किसी को डेट कर रहे हैं. उन्होंने कहा है कि वे 35 साल के हो गए हैं और रिलेशनशिप में हैं.


विजय देवरकोंडा ने प्यार के बारे में बात और कबूल किया कि वे कमिटेड हैं. उन्होंने कहा- 'मुझे पता है कि प्यार करना कैसा लगता है और मैं जानता हूं कि प्यार करना क्या होता है. मैं बिना शर्त प्यार नहीं जानता क्योंकि मेरा प्यार उम्मीदों के साथ आता है, इसलिए साफ तौर पर मेरा प्यार बिना शर्त नहीं है.'

डियर कॉमरेड एक्टर ने आगे कहा- 'मुझे लगता है कि सब कुछ ओवर-रोमांटिक हो गया है. मैं ये भी नहीं जानता हूं कि बिना शर्त प्यार की उम्मीद करना ठीक है या नहीं.' विजय ने खुलासा किया कि अपनी एक को-एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं. उन्होंने कहा- 'मैं डेट पर बाहर नहीं जाता. मैं किसी को लंबे समय तक जानने, दोस्ती बनाने के बाद ही बाहर जाता हूं. मैं 35 साल का हूं, आपको लगता है मैं सिंगल रहूंगा?'

# नई उम्र की नई फसल

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय गेंदबाजों की अग्नि परीक्षा आज से

**बिपेंद्र कुमार सिंह, नागपुर.**





भारतीय क्रिकेट के अब तक के सफर मे तेज गेंदबाजों की संख्या उंगली पर भी गिनने लायक नहीं है। कपिल देव, जवागल श्रीनाथ और जहीर खान, तीन ऐसे नाम हैं, जिनके बारे में हम फख्र के साथ कह सकते हैं. कि उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। बीच-बीच में कई नाम सामने आए, लेकिन जल्द ही उनका खुमार उतर गया। अजीत अगरकर, एस श्रीसंत, मुनाफ पटेल जैसे गेंदबाजों ने शुरुआत में उम्मीदों को कुछ नए पंख जरूर दिए, लेकिन यह टिकाऊ साबित नहीं हुआ। अब तो उमेश यादव का भी करियर ढलान पर आ गया है और वो टीम से बहार भी चल रहे है.ऐसे में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी ,आकाशदीप,प्रसिद्ध कृष्णा भारतीय गेंदबाजी का बोझ ढोते दिख रहे हैं। उन्हें अच्छे साथी की जल्द तलाश है। हाल ही में न्यूजीलैंड व साउथ अफ्रीका के साथ संपन्न टेस्ट व टी 20 सीरीज में आकाशदीप, वाशिंगटन सुंदर और सिराज ने अपने-अपने प्रदर्शनों से लोगों में नई उम्मीद जगाई। दोनों के ही पास रफ्तार भी है और तेज गेंदबाजी के लिए जिस जज्बे की जरूरत पड़ती है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भविष्यवाणी की है कि भारत पांच टेस्ट मैच में से कोई एक टेस्ट मैच में ही जीत हासिल कर सकेगी. ऑस्ट्रेलिया शायद थोड़ा अधिक अनुभवी है और हम जानते हैं कि उन्हें घर पर हराना बहुत मुश्किल है और फिलहाल भारत के कोई भी ऐसे तेज गेंदबाज नहीं है. जो टेस्ट मैच में 20 विकेट ले सके जो बड़ी चुनौती होगी.वह वर्तमान भारतीय टीम में नहीं दिखता.

**धार भी,रफ्तार भी**

अब तक शायद ही कोई भारतीय गेंदबाज 140 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से भी ज्यादा की तेजी से गेंदबाजी करता दिखा हो, लेकिन सिराज और बुमराह ऐसा करते दिख रहे हैं। दोनों न सिर्फ 140 की रफ्तार को मेंटेन करते दिख रहे हैं, बल्कि बीच-बीच में 150 किलोमीटर प्रति घंटा को भी छू रहे हैं शम्मी और सुन्दर दोनों ही स्विंग में भी माहिर हैं। बुमराह जहां अपने इनस्विंगर से बल्लेबाजों को परेशान करते हैं, वहीं शम्मी के आउटस्विंगर को खेलने में बल्लेबाज असहज महसूस करते हैं।

**अब तक की परफॉर्मेंस**

बुमराह ने अब तक 36 टेस्ट मैच में 159 विकेट लेकर भरोसा जताया है। चयनकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को नजर में उनके प्रदर्शन से चयनकर्ता खासे प्रभावित हुए और टेस्ट क्रिकेट में भी पदार्पण का मौका मिला। टी20 में आकाशदीप ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

**दोनों की चुनौतियां**

ऐसा नहीं है कि शुरुआती कुछ मैचों में सफलता हासिल कर बुमराह और शमी कोई बडा करामात दिखा सके। इस तरह से तो कई तेज गेंदबाज आए और चले गए। भारत में तेज गेंदबाजों के लिए जो सबसे बड़ी समस्या है, वह यह कि यहां का पिच फ्लैट और सपाट होती है, जो तेज गेंदबाजों को मदद करती है. ऑस्ट्रेलिया में फ़िलहाल मोहम्मद शम्मी 64 टेस्ट मैच में 229 व मोहम्मद सिराज 31 टेस्ट में 80 टेस्ट में व बुमराह 36 टेस्ट मैच में 159 विकेट लिए है. जब कि ऑस्ट्रेलिया के साथ 7 टेस्ट मैच में 32 विकेट लेकर पूर्व क्रिकेटर कपिल देव के रिकॉर्ड से 20 दूर है.

**ऑस्ट्रेलिया में होगी अग्निपरीक्षा**

किसी भी तेज गेंदबाज का सपना होता है कि वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका जैसी पिचों पर अपने हुनर का जलवा बिखेर सकें। इस मामले में बुमराह और शम्मी खुशकिस्मत हैं. कि दोनों को ही इस बात का भी ख्याल रखना पड़ेगा कि कंगारू अपने मैदान पर आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज शोएब अख्तर जैसे गेंदबाज को भी पटरी से उतार चुके हैं।

इसलिए ऑस्ट्रेलिया में दोनों की अग्निपरीक्षा होगी। वहां जरूरत पड़ेगी भावनाओं को काबू में रखते हुए लाइन और लेंथ पर ध्यान देने की। इस परीक्षा को अगर वे पास कर गए, तो आगे का रास्ता आसान हो जाएगा। बहरहाल, हम कह सकते हैं कि बुमराह और शम्मी की सफलता अभी शुरुआती दौर में हैं। जरूरत है, तो सिर्फ इसे आगे बढ़ाने की। आज से पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी. टीम इंडिया ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल अपने आप को ढाल चुकी है. अब इस गावस्कर/बॉर्डर ट्रॉफी के श्रृंखला ही तय करेगा.वर्ल्ड कप क्रिकेट टेस्ट मैचों की भारत को अगर फाइनल खेलना है. तो उसे 4-0 से ऑस्ट्रेलिया को हर हाल में हराना होगा.

# अर्जुन तेंदुलकर ने किया पृथ्वी शॉ का वीडियो लीक

**नई दिल्ली.**



पृथ्वी शॉ अच्छे दोस्त हैं. लेकिन क्या अर्जुन तेंदुलकर उन्हें एक्सपोज कर सकते हैं? हो सकता है कि ऐसा ना हो लेकिन गलती से ही सही ऐसा होता जरूर दिखा है. कैसे वो हम आपको बता और दिखा देते हैं? दरअसल, अर्जुन तेंदुलकर ने अपनी इंस्टा स्टोरी में एक वीडियो पोस्ट किया है, जो कि पृथ्वी शॉ की है. शेयर वीडियो में पृथ्वी जो करते दिखाई दे रहे हैं वही हैरान करने वाली है. वीडियो देखकर हैरानी क्यों होगी इसके पीछे भी एक कहानी है.

पिछले दिनों मुंबई की रणजी टीम से पृथ्वी शॉ को बाहर कर दिया गया था. शॉ के बाहर होने की वजह उनके बढ़े हुए वजन को बताया गया था. इसके बाद हम सभी ने पृथ्वी शॉ को वजन कम करने के लिए अपनी फिटनेस पर मेहनत करते, उन्हें जिम में पसीना बहाते भी देखा. लेकिन, अब जो अर्जुन तेंदुलकर ने वीडियो पोस्ट की है वो पृथ्वी की उस सारी मेहनत पर पानी उड़ेलने जैसी है.

अर्जुन तेंदुलकर की इंस्टा स्टोरी में डले वीडियो में पृथ्वी शॉ मजे से बिरयानी खाते दिख रहे हैं. उनके साथ उनके दोस्त-यार भी वहां है. संभवतः उनके दोस्तों में शामिल अर्जुन भी वहीं होंगे क्योंकि ऐसा लग रहा है कि वीडियो भी उन्होंने खुद से बनाया है. हालांकि, हम ये दावे से नहीं कह सकते कि अर्जुन तेंदुलकर ने बिरयानी खाई या नहीं.

अब एक तरफ जहां पृथ्वी शॉ को अपना वजन घटाने की सलाह दी गई है. वहीं दूसरी ओर वो बिरयानी खा रहे हैं. ऐसे खाने से जिम में पसीना बहाने से जो वजन घट रहा है, वो दोगुनी तेजी से बढ़ सकता है.

## बीटी 20 वर्ल्ड कप जैसा मौका खोने का दुख...

**-पाकिस्तान नहीं जाने पर**

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान में होने वाले टी20 दृष्टिबाधित विश्व कप 2024 से भारत के नाम वापिस लेने पर कप्तान दुर्गाराव टोंपाकी ने बुधवार को कहा कि टूर्नामेंट नहीं खेल पाने से वह निराश हैं जबकि राष्ट्रीय महासंघ ने भी इस घटनाक्रम पर खेद जताया है। सुरक्षा कारणों से सरकार से पाकिस्तान जाने की अनुमति नहीं मिलने के बाद भारतीय टीम ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। भारतीय टीम को शनिवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाघा सीमा पार जाना था. हम जुनून के साथ खेलते हैं.

## पर्थ टेस्ट से पहले बड़ा हादसा

**पर्थ.**

टीम इंडिया इस समय ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में है. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ही खेला जाना है, जिसकी शुरुआत आज से होगी. इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ी ऑप्टस स्टेडियम में ही प्रैक्टिस कर रहे हैं. क्रिकेट फैंस इस सीरीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.लेकिन सीरीज के शुरुआती मैच से पहले पर्थ में एक बड़ा हादसा हुआ है. दरअसल, लाइव मैच में गेंद लगने की वजह से एक अंपायर बुरी तरह से जख्मी हो गया.ये चोट इतनी गंभीर थी कि अंपायर को हॉस्पिटल में भर्ती भी करवाया गया. पर्थ में एक तीसरे दर्जे के क्रिकेट मैच के दौरान ये खतरनाक हादसा हुआ. दरअसल, अंपायर टोनी डिनोब्रेका को एक सीधी ड्राइव गेंद के कारण चेहरे पर गंभीर चोट आई. बल्लेबाज ने एक करारा स्ट्रेट ड्राइव शॉट खेला था, जो सीधा अंपायर टोनी डिनोब्रेका के चेहरे पर जा लगा. घटना के तुरंत बाद, मैदान में ही डिनोब्रेका का इलाज किया गया और कुछ देर के लिए मुकाबला भी रोकना पड़ा. इसके बाद उन्हें उन्हें अस्पताल ले जाया गया. अच्छी बात ये रही कि डेनोब्रेगा की कोई हड्डी नहीं टूटी, हालांकि उन्हें डॉक्टर्स की निगरानी में रखा गया.

# तेलुगू टाइटंस ने यू मुंबा को हराया

## अंक तालिका में लगाई 2 स्थान की छलांग



**नोएडा.**

डू ओर डाई रेड पर चले रोमांचक मुकाबले में तेलुगू टाइटंस ने यू मुंबा को हराकर प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन की अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। नोएडा इंडोर स्टेडियम में बुधवार को टाइटंस ने 31-29 के अंतर से मुंबा को हराया।

यह इस सीजन में 11 मैचों मे टाइटंस की सातवीं जीत है। इस जीत की मदद से उसने अंक तालिका में दो स्थान की छलांग लगाई है। दूसरी ओर, मुंबा को 12 मैचों में चौथी हार मिली है। टाइटंस के लिए आशीष नरवाल ने 8 अंक जुटाए जबकि डिफेंस से सागर ने चार अंक लिए। मुंबा के लिए रोहित ने 8 और मंजीत ने सात अंक लिए। पवन सहरावत के बगैर उतरी टाइटंस शुरुआत में आत्मविश्वास से नजर आई और मंजीत, शंकर तथा विनय की बदौलत पांच मिनट के भीतर 5-3 की लीड ले ली। चार के डिफेंस में हालांकि सुनील ने आशीष का शिकार कर स्कोर 4-5 किया और फिर जफर ने स्कोर 5-5 कर दिया।

सोमवीर ने इसके बाद विजय को लपक मुंबा को पहली बार लीड दिला दी लेकिन सागर ने जफर को लपक फिर स्कोर बराबर कर दिया। 10 मिनट के बाद मुंबा हालांकि 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद सागर ने जफर के खिलाफ गलती की। अब टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन था। आशीष ने सुनील को आउट कर स्कोर 8-9 किया और फिर अजीत ने जफर को आउट कर स्कोर 9-9 कर दिया। दोनों टीमें डू ओर डाई रेड पर खेल रही थीं। 11-11 के स्कोर पर आशीष को इसी तरह की रेड में फंसाकर मुंबा ने 12-11 की लीड ली लेकिन हाफटाइम तक टाइटंस ने स्कोर फिर बराबर कर दिया।

## दीपिका के गोल से भारत बना एशियाई चैम्पियन




'गोल्डन गर्ल' दीपिका के टूर्नामेंट में 11वें गोल की मदद से भारत ने ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराकर महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब बरकरार रखा.

## 800 मीटर दौड़ में पायल को प्रथम स्थान

**होडल.** जींद की यूनिवर्सिटी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तहत आयोजित इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में मां ओमवती कॉलेज के बीपीएड छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया। बीपीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा पायल ने 800 मीटर रेस में प्रथम स्थान तथा बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा निशा ने 1500 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी, जींद द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर वूमेन में छात्रा शैली, पायल का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम्स-2024 के लिए किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन डॉ जेबी गोयल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना दी। इस अवसर बीपीएड प्रिंसिपल डॉ संगीता रानी, बीएड प्रिंसिपल डॉ नीलम चौहान, स्कूल प्रिंसिपल डॉ रेखा शर्मा, डॉ. सीमा खन्ना, डॉ. हेमंत शर्मा, संतोष उपस्थित थे।

## भारतीय महिला हॉकी कि प्रत्येक खिलाड़ी को तीन-तीन लाख


**राजगीर.**

चैंपियनशिप ट्रॉफी,जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को तीन-तीन लाख रुपये हॉकी इंडिया ने बुधवार को बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम प्रत्येक खिलाड़ियों को तीन-तीन लाख रुपये और सभी सहयोगी कर्मचारियों को 1.5 लाख रूपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की।

एशियाई हॉकी महासंघ ने प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार पोडियम फिनिशरों के लिए पुरस्कार की घोषणा की है। भारत को 10 हजार अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि मिलेगी। जबकि चीन और जापान को क्रमशः सात हजार अमेरिकी डॉलर और पांच हजार अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।

# अर्जेंटीना फुटबॉल टीम अगले साल केरल में खेलेगी

**तिरुवनंतपुरम.**



केरल सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी।सम्मेलन को संबोधित करते हुए केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने कहा कि मैच राज्य सरकार की पूर्ण निगरानी में आयोजित किया जाएगा। इस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी वित्तीय सहायता राज्य के व्यापारियों द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा,'दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी।'अर्जेंटीना टीम प्रबंधन इस संबंध में आधिकारिक घोषणा करेगा. मंत्री ने कहा कि फुटबॉल टीम के लोग डेढ़ महीने के भीतर केरल आएंगे। उन्होंने कहा,'हमने इस संबंध में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम प्रबंधन के साथ संयुक्त घोषणा करने का फैसला किया है।' एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टीम के आगमन पर अंतिम निर्णय ले लिया गया है और इसमें कोई बदलाव नहीं है।

## दबंग दिल्ली और गुजरात जाएंट्स ने खेला सीजन का छठा टाई

**नोएडा.**

दबंग दिल्ली केसी और गुजरात जाएंट्स ने नोएडा इंडोर स्टेडियम में बुधवार को प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 65वें मैच में अंतिम रेड के रोमांच के बाद 39-39 स्कोर के साथ मुकाबला समाप्त किया। यह इस सीजन का छठा टाई है।दिल्ली ने सीजन का दूसरा टाई खेला जबकि गुजरात के हिस्से पहला आया। दिल्ली के खाते में अब 12 मैचों से पांच जीत , पांच हार और दो टाई हैं। गुजरात के खाते में 11 मैचों में 8 हार, दो जीत और एक टाई है। गुजरात ने हालांकि परतीक दहिया (20) की बदौलत अच्छा खेल दिखाया लेकिन आशू मलिक (11) के एक और सुपर-10 तथा कमबैक मैन नवीन कुमार (9) ने उन्हें अपनी टीम को जीत दिलाने से रोक दिया। चोट से उबरकर लौटे नवीन ने पहली ही रेड पर अंक लिया।

# भारतीय स्पिनर पर गंभीर ने जताया भरोसा



**पर्थ.**ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पांच टेस्ट मैचों की बार्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुक़ाबला 22- 27 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। भारत को हालही में न्यूजीलैंड के हाथों घर पर 3-0 से सीरीज हार का सामन करना पड़ा है। जिसके बाद उनके वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फ़ाइनल में जाने की उम्मीदों को झटका लगा है। डबल्यूटीसी की रेस में बने रहने के लिए भारतीय टीम को इस सीरीज के ज्यादा से ज्यादा मुक़ाबले जीतने होंगे।

वाका के मुख्य क्यूरेटर इसाक मैकडोनाल्ड की मानें तो ऑप्टस में पारंपरिक पिच देखने को नहीं मिलेगी। यहां पांचों दिन घास रहेगी और पिच पर दरारें बनने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में स्पिन गेंदबाजों के लिए यहां ज्यादा कुछ नहीं होगा। हालांकि पिच पर उछाल जरूर मिलेगा। जिस से तेज गेंदबाजों के साथ-साथ बल्लेबाजों को भी मदद मिलेगी।

ऑप्टस स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया के सबसे शानदार वेन्यू में से एक है। टीम इंडिया ने इस स्टेडियम में सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला है। साल 2018 में खेले गए इस मुकाबले में टीम इंडिया को 146 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली इस वेन्यू पर एक शतक भी जड़ चुके हैं। इस वेन्यू पर 85000 फैंस मैच देखने के लिए आ सकते हैं।

**पर्थ की पिच का हाल**

पर्थ में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। ऐसे में टेस्ट मैच के दौरान भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। मैच के दिन शुक्रवार को सुबह के शुरुआती घंटों में ह्यूमिडिटी काफी ज्यादा होने का अनुमान है। यहां 70 फीसदी से अधिक ह्यूमिडिटी रहेगी। हालांकि शाम होते-होते मौसम थोड़ा बदल सकता है। मैच के तीसरे दिन बारिश के 25 फीसदी चांस है।

## मैकस्वीनी ओपनिंग और मार्श गेंदबाजी के लिए तैयार: कमिंस

**नई दिल्ली.**



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण कर रहे नेथन मैकस्वीनी ओपनिंग के तैयार है और चोटिल कैमरून ग्रीन की जगह टीम में शामिल किये ऑलराउंडर मिचेल मार्श गेंदबाजी करेंगे।

कमिंस ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि नेथन मैकस्वीनी ओपनिंग के लिए तैयार है और मार्श निश्चित रूप से इस मैच में गेंदबाजी करेंगे। वह एक ऑलराउंडर हैं और हमारे चारों गेंदबाजो की मदद करेंगे।

उन्होंने कहा,"हमने कभी भी किसी के लिए ओवरों की सीमा नहीं तय की है। लेकिन वह गेंदबाजी के लिए तैयार हैं और हमें उनसे जितनी गेंदबाजी चाहिए होगी, हम कराएंगे। उन्होंने इस सप्ताह अच्छी गेंदबाजी की है और उनका शरीर भी इसके लिए तैयार है।"

उन्होंने कहा,"वह हमेशा गेंद से प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि अच्छी चीज़ है। उन्हें गेंदबाजी पसंद है और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमेशा खेल में जुड़े रहना चाहते हैं। उन्होंने क्वींसलैंड के लिए हाल ही में उपयोगी गेंदबाजी की है, इसके अलावा उनके पास लेग स्पिन और ऑफ स्पिन का भी विकल्प है। हो सकता है कि उन्हें भी इस सीरीज़ के दौरान अपने बाउंसर दिखाने का मौका मिले।"

स्वयं के बारे में कमिंस ने कहा,"मेरी तैयारी अच्छी रही है और उम्मीद है कि यह समर मेरे लिए अच्छा होगा। मैं भाग्यशाली हूं कि इस सीरीज से पहले मुझे चार से पांच महीने का ब्रेक मिला। लेकिन उसके बाद से मैं स्वयं को फिर से उतना ही मजबूत, फिट और तरोताजा महसूस कर रहा हूं।"

# अडानी विवाद से गरमाई सियासत

## अमित मालवीय ने कांग्रेस को दिखाया आईना




**नई दिल्ली.**

अमेरिकी अभियोजकों द्वारा भारतीय अरबपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों से जुड़े लोगों पर लगाए गए आरोपों के बाद देश की राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने सरकार पर गौतम अडानी को बचाने का आरोप लगाया और साथ ही मामले की जांच जेपीसी से कराने की मांग की है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए उन्हें अति-उत्साह से बचने की सलाह दी है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस के आरोपों पर करारा जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा कि प्रतिक्रिया देने से पहले पढ़ना हमेशा अच्छा होता है। आपने जिन दस्तावेजों का हवाला दिया है, उनमें लिखा है कि 'अभियोग में लगाए गए आरोप, तब तक आरोपी ही रहते हैं, जब तक वे साबित न हो जाएं। आरोपों के साबित होने तक प्रतिवेदी को निर्दोष माना जाता है।'

### अति-उत्साह से बचने की दी सलाह

❑ मालवीय ने कांग्रेस को घेरते हुए लिखा कि 'यहां जिन राज्यों की बात की गई है, वे सभी उस समय विपक्षी कांग्रेस या उसके सहयोगियों द्वारा शासित थे। इसलिए कांग्रेस को उपदेश देना बंद करना चाहिए और कांग्रेस और इसके सहयोगियों को मिली रिश्वत की जानकारी देनी चाहिए। इसके अलावा, कोई भारतीय अदालत भी वैध आधार पर अमेरिकी फर्म पर बाजार तक पहुंच बनाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगा सकती है।

इसके बाद भाजपा नेता ने अडानी पर लगे आरोपों का बचाव करते हुए लिखा कि 'आरोप का सार ये है कि अमेरिकी अक्षय ऊर्जा कंपनी एज्योर पावर और भारतीय कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ 12 गीगावाट बिजली की आपूर्ति करने का समझौता किया। इस समझौते के तहत एज्योर पावर को 4 गीगावाट और अदाणी ग्रीन एनर्जी को 8 गीगावाट का आवंटन किया गया था। सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन का राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ समझौता था। चूंकि बिजली महंगी थी, इसलिए राज्य बिजली वितरण कंपनियां बिजली खरीदने को तैयार नहीं थे। इसलिए, अदाणी ने (एक अमेरिकी फर्म एज़्योर पावर के साथ मिलीभगत करके) जुलाई 2021 से फरवरी 2022 के बीच ओडिशा (बीजद शासित), तमिलनाडु (डीएमके शासित), छत्तीसगढ़ (कांग्रेस) और आंध्र प्रदेश (वाईएसआरसीपी शासित) में वितरण कंपनियों को करीब 26 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।'

# केजरीवाल के आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन




### हिरासत में लिये गए नेता

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा पहले इस्तेमाल किए गए आधिकारिक बंगले के नवीनीकरण में अत्यधिक आलीशान वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने बताया कि उसने प्रदर्शन में भाग लेने वाले भाजपा के कुछ नेताओं को हिरासत में लिया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं है। भाजपा सूत्रों ने दावा किया कि उनकी दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को हिरासत में लिया गया है।

सचदेवा के अलावा विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा सांसदों ने फिरोज शाह रोड स्थित केजरीवाल के मौजूदा आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया। इस सप्ताह की शुरुआत में आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

# पीएम मोदी को गुयाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली.**

गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली ने जॉर्जटाउन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे गुयाना के सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति इरफान अली का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों का सम्मान है। यह हमारे संबंधों के प्रति आपकी गहरी प्रतिबद्धता का सजीव प्रमाण है। जो हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने कहा कि अनेक नदियां, झरना और झीलों से समृद्ध गुयाना को 'अनेक जलों की भूमि' कहा जाता है। जिस प्रकार से गुयाना की नदियां यहां के लोगों की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं, उसी प्रकार भारत की गंगा, यमुना और ब्रह्मपुत्र जैसी महान नदियां हमारी प्राचीन सभ्यता का जन्म स्थल रही है। भारत और गुयाना के बीच समानताओं के ऐसे कई उदाहरण हैं, जो हमारे ऐतिहासिक संबंधों और भी गहरा करते हैं।

इससे पहले गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी, नवाचार और डिजिटलीकरण का उपयोग देशों के बीच की खाई को बढ़ाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। ये प्रगति खाई और गरीबी को कम करने और दुनिया को एक साथ लाने के लिए की जानी चाहिए। भारत नई प्रौद्योगिकी नवाचार का समर्थन करता रहा है और प्रधानमंत्री मोदी ने कैरीकॉम में हमें याद दिलाया कि आप इस कैरीकॉम परिवार के सदस्य हैं। हम आपको बताना चाहते हैं कि हम आपको इस कैरीकॉम परिवार के सदस्य के रूप में मानते हैं। यह एक द्विपक्षीय बैठक थी, जो अलग थी।




❍ कश्मीर में स्थित द्रास घाटी भारत की सबसे ठंडी जगह है। वर्ष 1908 में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और 1995 की सर्दियों में 60 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। द्रास को 'लद्दाख के द्वार' के रूप में भी जाना जाता है।

# यूक्रेन पर हमले के बाद रूस का दावा



**यूक्रेन.** अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागने के बाद रूस के रक्षा मंत्रालय ने बड़ा दावा किया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने दो ब्रिटिश स्टार्म शैडो मिसाइल, छह रॉकेट और 67 ड्रोन को मार गिराया। रूस ने यूक्रेन के खिलाफ चल रहे विशेष सैन्य अभियान के दौरान यह दावा किया। हालांकि यह नहीं बताया गया है कि मिसाइल को कब और कहां रोका गया? मिसाइल का लक्ष्य क्या था? रूस पहले भी स्टॉर्म शैडो मिसाइलों को मार गिराने की बात कही है। इससे पहले रूस ने अपने दक्षिण आस्त्रखान क्षेत्र से यूक्रेन पर अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। मॉस्को की ओर से अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल से हमला उस समय हुआ, जब यूक्रेन ने इस हफ्ते अमेरिका और ब्रिटेन की मिसाइलों का उपयोग करके रूस के अंदर कुछ लक्ष्यों को निशाना बनाया, जिसके बारे में मॉस्को ने महीनों पहले चेतावनी दी थी कि यह तनाव को बहुत अधिक बढ़ा सकता है।

## कसाब तक को निष्पक्ष सुनवाई मिली

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने यासीन मलिक के मामले पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की कि अजमल कसाब को भी हमारे देश में निष्पक्ष सुनवाई का मौका मिला था। वहीं कोर्ट की इस टिप्पणी से संकेत मिलता कि वह अपहरण मामले में जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक के मुकदमे के लिए तिहाड़ जेल में एक अदालत कक्ष स्थापित कर सकता है। जस्टीस अभय एस ओका और जस्टीस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ जम्मू की एक अधीनस्थ अदालत के 20 सितंबर 2022 के आदेश के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

# मणिपुर में केंद्रीय बलों की आठ और कंपनियां पहुंचीं

## संवेदनशील इलाकों में की जाएंगी तैनात

**इंफाल.**



मणिपुर के जिरीबाम जिले में मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं के शव मिलने के बाद हिंसा बढ़ने के चलते राज्य में केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की आठ और कंपनियां इंफाल पहुंच गईं हैं। इससे एक दिन पहले, सीएपीएफ की 11 कंपनियां इंफाल पहुंची थीं। सीआरपीएफ और बीएसएफ की कंपनियों से मिलकर बने ये बल राज्य के संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में तैनात किए जाएंगे।

हाल ही में केंद्र ने मणिपुर में सीएपीएफ की 50 नई कंपनियां भेजने का ऐलान किया था। यह कदम तब उठाया गया जब मणिपुर में हिंसा तेज हो गई। पिछले हफ्ते, राज्य के पहाड़ी जिले जिरीबाम में कांग्रेस और भाजपा के दफ्तरों में तोड़फोड़ की गई। इसके बाद, गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न इलाकों में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के घरों में आग लगा दी और वहां कर्फ्यू लगा दिया गया।

सुरक्षा बलों ने शनिवार शाम मणिपुर के मुख्यमंत्री के घर पर हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया था। 11 नवंबर को, जिरीबाम जिले में सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई थी।

इस गोलीबारी में 10 विद्रोहियों की मौत हो गई थी। वहीं एक राहत शिविर से मैतेई समुदाय की तीन महिलाएं और तीन बच्चे लापता हो गए थे, जिसके बाद हिंसा बढ़ गई। पिछले साल मई से इंफाल घाटी स्थित मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा में 220 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

# अधिकारियों के परिसरों पर लोकायुक्त की छापेमारी



**बेंगलुरु.**

कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के चार विभागों के चार अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों के बाद छापेमारी की। यह छापेमारी आय से अधिक संपत्ति रखने के मामलों की जांच के तहत की जा रही है। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार, बंगलूरू, मांड्या और चिक्कबल्लापुर समेत 25 स्थानों पर छापेमारी जारी है।

अधिकारियों ने खान और भूविज्ञान विभाग के वरिष्ठ भूविज्ञानी कृष्णावेनी एम सी, कावेरी नीरावरी निगम के सतही जल डेटा केंद्र के प्रबंध निदेशक महेश, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के निदेशक एनके थिप्पेस्वामी और संयुक्त उत्पाद आयुक्त कार्यालय में उत्पाद अधीक्षक मोहन के. की संपत्तियों पर छापेमारी की।

लोकायुक्त के अधिकारी इन सरकारी अधिकारियों के दस्तावेजों, संपत्तियों, नकदी और अन्य मूल्यवान चीजों की गहन जांच कर रहे हैं। छापेमारी के दौरान नकदी और आभूषण बरामद किए गए। पिछले 10 दिनों में भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था की यह दूसरी छापेमारी है। 12 नवंबर को लोकायुक्त नौ सरकारी अधिकारियों की संपत्तियों पर छापा मारा था। इस छापेमारी में उन्होंने 22.5 करोड़ रुपये आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया था। अधिकारियों ने इस दौरान बेलगावी, हावेरी, दावणगेरे, कालाबुरागी, मैसूरु, रामनगर और धारवाड़ समेत 40 स्थानों पर छापेमारी की थी।

# ममता के काम का मूल्यांकन करने से परहेज

## क्षेत्रीय असंतुलन को लेकर दी दलील

**कोलकाता.**



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य के उत्तरी और दक्षिणी जिलों के बीच क्षेत्रीय असंतुलन को उजागर करते हुए कहा कि उत्तरी क्षेत्र में समृद्धि की कमी के कारण राज्य सरकार और वहां के लोगों के बीच फासला बढ़ा है। अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने से कुछ दिन पहले जमीनी स्तर के अपने अनुभवों का हवाला देते हुए बोस ने यह बात कही। राज्यपाल बोस ने एक विशेष बातचीत में विभिन्न मुद्दों का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काम का मूल्यांकन करने से परहेज किया, लेकिन यह स्पष्ट तौर पर कहा कि वह एक नेता के बजाए मुख्यमंत्री के तौर पर उनके प्रदर्शन को लेकर अधिक चिंतित हैं। बोस ने अब तक के अपने कार्यकाल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, इन दो वर्षों ने मुझे कई सकारात्मक बातें सिखाई हैं। यह एक बहुत ही परिष्कृत राज्य है, जहां कला और संस्कृति पर बहुत जोर है, लेकिन राज्य में कुछ समस्याएं हैं। बोस ने कहा कि गंगा के उत्तर में स्थित जिलों में आर्थिक पिछड़ेपन के कारण लोगों की राज्य प्रशासन से दूरी बढ़ी। कानून-व्यवस्था पर राज्यपाल ने की थी अहम टिप्पणी, इससे पहले, राज्यपाल बोस ने बंगाल की कानून-व्यवस्था पर अहम टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से मैं उन क्षेत्र का दौरा कर चुका हूं, जहां हिंसा हुई है। इस दौरान कई पीड़ितों और उनके परिजनों से बातचीत भी की। उन्होंने सीमा पार से घुसपैठ के सवाल पर कहा कि भारत सरकार और खुफिया एजेंसियां इस पर ध्यान दे रही हैं और तुरंत कार्रवाई कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। राज्यपाल बोस ने कहा कि जब भी उन्होंने प्रशासन के किसी भी पहलू पर रिपोर्ट मांगी तो राज्य सरकार ने उन्हें समय पर जानकारी नहीं भेजी।

# भारत ने सोलर एनर्जी में किया कमाल

**नई दिल्ली.** भारत ने सोलर एनर्जी के सेक्टर में खूब काम किया है, जिसका असर दिखने भी लगा है। अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने अपनी एक रिपोर्ट में देश के सौर ऊर्जा सेक्टर की तारीफ करते हुए कहा है कि देश में जनवरी-सितंबर के दौरान 16.4 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गयी है, जो काफी उल्लेखनीय कही जा सकती है। इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान 16.4 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी है। अमेरिकी शोध कंपनी मेरकॉम कैपिटल ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि यह लंबित परियोजनाओं के चालू होने के कारण सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में पिछले साल समान अवधि में 6.2 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गई थी। कहा गया है कि भारत की यह उपलब्धि उल्लेखनीय है। 'भारत सौर बाजार अपडेट' में लिखा है, "वर्ष, 2024 के पहले नौ माह (जनवरी-सितंबर) में भारत में कुल 16.4 गीगावाट की सौर परियोजनाएं जोड़ी गईं, जो 2023 की समान अवधि के आंकड़े 6.2 गीगावाट की तुलना में 167 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक कुल स्थापित व्यापक सौर क्षमता के मामले में शीर्ष तीन राज्य हैं।

# कनाडाई मीडिया की नई साजिश

## निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर फिर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली.** भारत और कनाडा के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण चल रहे है. लगातार भारत के खिलाफ झूठे आरोप लगाने वाली कनाडा सरकार और वहां की मीडिया अब भी बाज नहीं आ रही है. जस्टिन ट्रूडो की कनाडाई मीडिया ने भारत सरकार के खिलाफ नई साजिश रची है. भारत सरकार ने बुधवार को एक कनाडाई अखबार में छपी रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है.

इस रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि भारत के पीएम नरेंद्र मोदी खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश के बारे में जानते थे. प्रकाशित एक रिपोर्ट में एक अज्ञात कनाडाई राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी का हवाला देते यह दावा किया है कि कनाडा में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या की साजिश की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को थी. इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को भी जानकारी दी गई थी. हालांकि, रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कनाडा के पास इस दावे के समर्थन में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है. कनाडाई अधिकारी ने कहा, कनाडा के पास इस बात का कोई पुख्ता सबूत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को इस कथित के बारे में जानकारी प्राप्त थी. यह अकल्पनीय होगा कि भारत में तीन सीनियर राजनीतिक हस्तियों ने इस मामले में आगे बढ़ने से पहले अपने प्रधानमंत्री के साथ ऐसी टार्गेटेड हत्याओं को लेकर चर्चा नहीं की होगी.

# देशभर में 5.8 करोड़ राशन कार्ड फर्जी

## केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने जानकारी देकर किया खुलासा

**नई दिल्ली.** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ओर से दी गई यह जानकारी चौंकाने वाली है कि सत्यापन की प्रक्रिया के तहत देशभर में 5.8 करोड़ राशन कार्ड फर्जी पाए गए हैं। राशन कार्डों के सत्यापन के लिए उनका आधार कार्ड से तो मिलान किया ही गया, केवाईसी यानी ग्राहक की पहचान करने की प्रक्रिया का भी पालन किया गया। यह ठीक है कि अपने देश में राशन कार्ड धारकों की संख्या बहुत अधिक है और इसे इससे समझा जा सकता है कि 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस के तहत मुफ्त राशन दिया जाता है,

फिर भी 5.8 करोड़ राशन कार्डों का फर्जी पाया जाना गंभीर बात है। एक आंकड़े के अनुसार केवाईसी के जरिये कुल पीडीएस लाभार्थियों में से अभी 64 प्रतिशत का ही सत्यापन हो पाया है। एक ऐसे समय जब बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारकों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, तब यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि पात्र व्यक्ति ही इस सुविधा का लाभ उठा पाएं।



इसी क्रम में यह भी देखा जाना चाहिए कि कहीं मुफ्त अनाज पाने के लिए ऐसे लोगों ने राशन कार्ड तो हासिल नहीं कर लिए हैं, जो इसके पात्र नहीं हैं। वास्तव में पीडीएस समेत अन्य सभी योजनाओं में सही लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित की जानी चाहिए, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि अन्य योजनाओं में भी अपात्र लोग उनका लाभ उठाने में सफल रहते हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि नकली राशन कार्ड आसानी से बन जाते हैं। समस्या यह भी है कि अब फर्जी आधार कार्ड भी बन जाते हैं। भले ही देर-सबेर फर्जी राशन और आधार कार्डों की पहचान हो जाती हो, लेकिन आखिर ऐसा होना ही क्यों चाहिए कि कोई फर्जी राशन कार्ड या आधार कार्ड हासिल कर ले? बांग्लादेशी और रोहिंग्या भी फर्जी आधार कार्ड बनवा लेते हैं। ध्यान रहे कि कोई एक बार नकली आधार कार्ड बनवा ले तो फिर उसके जरिये अन्य पहचान पत्र बनवाना आसान हो जाता है। इस सिलसिले को रोकना आवश्यक है।

### यह करना होगा सुनिश्चित

• यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जो भी सरकारी योजनाएं हैं, उनका क्रियान्वयन इस तरह किया जाए, जिससे उनका लाभ देश में कहीं पर भी रहने वाले लोग उठा सकें। एक देश-एक राशन कार्ड से ऐसा हो रहा है। जब पीडीएस योजना के तहत ऐसा हो सकता है तो अन्य योजनाओं के तहत भी होना चाहिए, क्योंकि अब नौकरी, व्यापार, शिक्षा के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने गांव-शहर से दूर रहने लगे हैं।

# बंगाल की खाड़ी से उमड़ेगा तूफान

## यूपी और बिहार में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली.**

देश भर के लगभग हर क्षेत्र में ठंड ने दस्तक दे दी है. तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है. दिल्ली के तापमान में बीते 24 घंटे में गिरावट दर्ज की गई है. पंजाब में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. वहीं उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कोहरे की हल्की चादर देखी जा रही है. पंजाब और उत्तर प्रदेश में जीरो विजिबिलिटी देखने को मिल रही है. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश और बिहार में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव बना हुआ है. इसका असर अगले 24 घंटे में दिखने वाला है. यहां पर तूफान आने की संभावना है. मौसम विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से में निम्न दबाव के कारण तूफान आने की संभावना बनी हुई है. अंडमान निकोबार के दक्षिणी भाग में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने के आसार हैं. बताया जा रहा है कि 22 से 23 नवंबर की सुबह तक उत्तर या उत्तर पूर्व के तट पर यह टकरा सकता है. मौसम विभाग के अनुसार, इसके बारे में सटीक पूर्वानुमान लगाना जल्दबाजी मानी जा रही है. अगर यह तूफान उत्पन्न होता है तो इसका नाम फीनजल होगा. मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत में लगातार बदलाव देखा जा रहा है. मैदानी इलाकों का तापमान लगातार गिर रहा है. सभी राज्यों में ठंड दस्तक दे चुकी है. पूरे उत्तर भारत में न्यूनतम तापमान सामान्य बना हुआ है.